CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 298 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 23 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल सरकार के सतत प्रयास, फिर से बैलों से खेती से आबाद होगा राजस्थान

### बैलों से खेती करने वाले किसानों को हर साल सरकार देगी 30000 रुपए की आर्थिक सहायता, अब तक 42000 किसानों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में गायों और गोवंश के संरक्षण और सुरक्षा के लिए सरकारी स्तर पर हर तरह की सुविधा सुनिश्चित कर रहे हैं इसके लिए बैल से खेती को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश की भजनलाल सरकार तेजी से कार्य कर रही है ताकि प्रदेश में आवारा घूम रहे सांड की संख्या में कमी आए और बैलों का सदुपयोग हो सके बैलों से खेती को बढ़ावा देने से एक तरफ जहां परंपरागत कृषि को बढ़ावा मिलेगा तो दूसरी तरफ गोवंश की समुचित रक्षा भी हो सकेगी और किसान का खेती का खर्चा भी थोड़ा काम होगा इसके अलावा प्रदेश सरकार बैलों से खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 30000 रुपए की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवा रही है जो किसानों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है इसी क्रम में बैलों से खेती करने वाले किसानों की रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की गई है जिसमें राजस्थान किसान साथी पोर्टल के माध्यम से किसान इस योजना का फायदा उठाने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं जिसमें अब तक 42000 से ज्यादा किसानों ने रजिस्ट्रेशन करवा दिया है जिसमें डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर के किसानों ने अब तक सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाया है जो यह दिखाता है कि इन जिलों में अब भी किसान बैलों से खेती करने के लिए तत्पर है जरूरी इस बात की है कि इन किसानों को इस कार्य के लिए प्रेरित किया जाए जानकार लोगों का कहना है कि एक जमाना था। जब राजस्थान ही नहीं बल्कि देश के कई राज्यों में बैलों से खेती हुआ करती थी बैलों से खेती ही नहीं हुआ करती थी बल्कि अन्य कार्यों में भी बैलों का उपयोग किया जाता था और बैलों को बहुत ही अच्छी खुराक किसान की ओर से उपलब्ध करवाई जाती थी जिसकी वजह से बेल शारीरिक रूप से काफी मजबूत हुआ करते थे और खेती के कार्य में दिनभर किस उनका उपयोग किया करते थे लेकिन अब राजस्थान ही नहीं बल्कि देश के सभी अब राजस्थान ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी खेती में बैलों का उपयोग बहुत कम हो गया है और बैलों की जगह ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है जिसकी वजह से बैलों की अब ज्यादा पूछ नहीं रह गई और उनके बड़े होने पर किसान और पशुपालक भी उन्हें खुला छोड़ देते हैं जो आवारा घूमते रहते हैं और लोगों पर कई बार हमला भी कर देते हैं हालांकि अभी राजस्थान में कुछ जिले ऐसे हैं जहां किसान बैलों का उपयोग करता है लेकिन ऐसे बहुत ही काम किस है जो बैलों से खेती कर रहे हैं अन्यथा साधारण किसान भी अब समय और श्रम की बचत के लिए ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का सहारा ले रहा है भले ही उसके पैसे ज्यादा खर्च हो लेकिन वह बैल की वजह ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों के माध्यम से खेती को संपादित कर रहा है लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब प्रदेश में फिर से बैलों से खेती को बढ़ावा देने के कार्य में तेजी से जुट गए हैं और बैलों से खेती करने वाले किसानों को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने के अलावा अन्य कई तरह की सुविधा भी सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है इसीलिए इन दोनों बैलों से खेती करने वाले किसानों के रजिस्ट्रेशन का कार्य युद्ध स्तर पर सरकार की ओर से संपादित किया जा रहा है जिसमें किसान अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा रहे हैं जानकार लोगों का कहना है कि अब सरकार ने जिस तरह से बैलों से खेती करने वाले किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने जा रही है सरकार की इस पहल से प्रदेश के किसान बैलों से खेती करने की दिशा में खुद की रुचि जागृत करेंगे कुछ लोगों का कहना है कि बैलों से खेती को बढ़ावा देने से पशुपालक भी काफी खुश नजर आ रहे हैं क्योंकि आजकल गाय के बछड़े के जन्म देने पर पशुपालक ज्यादा खुश नहीं होते क्योंकि अब बैलों का उपयोग ज्यादा हो नहीं रहा इसलिए उन्हें बछड़े के बड़े होने पर समुचित पैसा नहीं मिलता लेकिन अब बैलों का उपयोग होने से पशुपालक भी बैलों की समुचित कीमत हासिल कर सकेंगे ।

## एसएमएस हॉस्पिटल को दिल्ली के एम्स जैसा लुक देने की तैयारी

### मुख्य सचिव श्रीनिवास ने एसएमएस अस्पताल का किया दौरा, ट्रॉमा सेंटर को और अत्याधुनिक बनाने की तैयारी, प्रदेश के अन्य अस्पतालों के ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्थाओं को भी सुधारने के प्रयास

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के नए मुख्य सचिव श्रीनिवास ने दिल्ली में प्रतिनियुक्ति के दौरान एम्स अस्पताल के डिप्टी डायरेक्टर पद पर रहने के दौरान वहां पर कई तरह के नवाचार किए थे। जिसमें एम्स में ई-हॉस्पिटैलिटी जैसे नवाचार किए थे जिसके माध्यम से एम्स में मरीजों की लंबी लाइन लगा बंद हो गई थी जिसकी वजह से मरीज और उनके परिजनों को काफी राहत मिली थी और भी कई तरह के नवाचार श्रीनिवास ने वहां पर किए थे जिसकी पूरे देश में तारीफ हुई थी और देश के अन्य राज्यों में भी उनकी ओर से की गई व्यवस्थाओं को अस्पतालों में लागू किया गया था । अब इसी तरह की व्यवस्था राजस्थान के अस्पतालों में भी लागू किए जाने के बारे में गंभीरता से मंथन किया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार को मुख्य सचिव श्रीनिवास ने सवाई मानसिंह अस्पताल में क्रोमा सेंटर सवाई मानसिंह अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर और अन्य विभागों का निरीक्षण किया उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से भी बातचीत की तथा चिकित्सा व्यवस्था और डॉक्टर नर्स जैसी सुविधाओं के बारे में मरीज और उनके परिजनों से पूछताछ की इस दौरान मुख्य सचिव के साथ चिकित्सा सचिव गायत्री राठौर परिवहन सचिव सूची त्यागी अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक आरके जैन और अन्य चिकित्सा विभाग के बड़े अधिकारी साथ रहे जानकारी के अनुसार सवाई मानसिंह अस्पताल में निरीक्षण के दौरान ट्रॉमा सेंटर और अन्य विभागों में संचालित की जा रही व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य सचिव ने संतुष्टि जताई लेकिन ट्रॉमा सेंटर में लगातार तेजी से बढ़ रहे मरीजों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए जयपुर के अन्य अस्पतालों में ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए जाने की बात कही कहा जा रहा है कि इसके लिए जयपुरिया अस्पताल और एक अन्य अस्पताल में एसएमएस अस्पताल की तरह ट्रॉमा सेंटर खोलने के बारे में सरकार गंभीरता से विचार कर सकती है इसके अलावा एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर को और अधिक आधुनिक लुक देने तकनीकी संसाधनों का यहां विस्तार करने समुचित स्टाफ नियुक्त करने जैसे विषयों पर काम करने की बात कही गई है इसलिए आने वाले दिनों में बहुत जल्दी ही ट्रॉमा सेंटर में और बदलाव देखने को मिल सकते हैं इससे पहले मुख्य सचिव ने 10 दिन में ट्रॉमा केंद्र की स्थिति में सुधार लाने संबंधी रिपोर्ट तैयार करने को कहा है इस रिपोर्ट में ट्रॉमा सेंटर में और क्या-क्या सुविधा होनी चाहिए किस तरह से यहां तकनीकी संसाधनों का उपयोग होना चाहिए किस तरह से इसका विस्तार होना चाहिए यहां और कितने स्टाफ की जरूरत है इसके अलावा एसएमएस के ट्रॉमा सेंटर के मरीजों की भीड़ कम करने के लिए जयपुरिया अस्पताल और एक अन्य अस्पताल में एसएमएस के ट्रॉमा सेंटर जैसे ही ट्रॉमा सेंटर खोलना जैसे विषय पर भी रिपोर्ट में उल्लेख करने को कहा गया है । जानकारी के अनुसार प्रदेश में लगातार सड़क दुर्घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है प्रदेश के सभी बड़े प्रमुख राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी प्रदेश के सभी अस्पतालों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है इसलिए प्रदेश के अन्य बड़े अस्पतालों में भी ट्रॉमा सेंटर में सुविधाओं का विस्तार और आधुनिकरण किए जाने के विषय पर सरकार गंभीरता से मंथन कर रही है इसके अलावा प्रदेश के सभी बड़े राजमार्गों के पास स्थित अस्पतालों में ट्रॉमा सेंटर को ज्यादा विकसित किए जाने की बात पर जोर दिया जा रहा है इसके लिए राष्ट्रीय सड़क मार्ग प्राधिकरण से भी बातचीत करके यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले मरीजों को तुरंत चिकित्सा उपलब्ध हो इसके लिए बड़े राष्ट्रीय राजमार्गों पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से भी ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए जाने जैसे विषय पर भी राजस्थान सरकार गंभीरता से मंथन कर रही है इन सब बातों को लेकर ही मुख्य सचिव ने शनिवार को अस्पताल का दौरा किया और सभी बड़े अधिकारियों के साथ आवश्यक मीटिंग लेकर जयपुर के ट्रॉमा सेंटर ही नहीं बल्कि प्रदेश के सभी बड़े अस्पतालों के ट्रॉमा सेंटर में सुविधाओं का विस्तार करने और आधुनिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया ।

## अश्विनी वैष्णव के नवाचार : रेलवे ने 1 अरब टन माल ढुलाई का आंकड़ा पार किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय रेलवे का माल ढुलाई प्रदर्शन भारत की आर्थिक रीढ़ को लगातार मज़बूत कर रहा है, इस वर्ष संचयी लदान 1 अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है 19 नवंबर तक 1020 मिलियन टन तक पहुँच गया। यह उपलब्धि प्रमुख क्षेत्रों से व्यापक समर्थन को दर्शाती है कोयला 505 मिलियन टन के साथ सबसे बड़ा योगदानकर्ता बना हुआ है इसके बाद लौह अयस्क 115 मिलियन टनसीमेंट 92 मिलियन टन कंटेनर यातायात 59 मिलियन टनकच्चा लोहा और तैयार इस्पात 47 मिलियन टन उर्वरक 42 मिलियन टन खनिज तेल 32 मिलियन टन खाद्यान्न 30 मिलियन टनइस्पात संयंत्रों के लिए कच्चा माल लगभग 20 मिलियन टन और शेष अन्य सामान 74 मिलियन टन का स्थान है। दैनिक लदान लगभग 4.4 मिलियन टन पर मज़बूत बना हुआ है जो पिछले वर्ष के 4.2 मिलियन टन से ज़्यादा है जो बेहतर परिचालन दक्षता और निरंतर माँग को दर्शाता है। अप्रैल से अक्टूबर के बीच माल लदान इस सकारात्मक प्रगति को और भी पुख्ता करता है जो 2025 में 935.1 मीट्रिक टन तक पहुँच जाएगा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 906.9 मीट्रिक टन था जो साल-दर-साल एक अच्छी वृद्धि दर्शाता है। यह निरंतर गति बेहतर दैनिक लदान दरों के साथ, भारत के औद्योगिक विस्तार और बुनियादी ढाँचे के विकास में सहयोग देने की रेलवे की क्षमता को दर्शाता है। भारत के बुनियादी ढाँचे के विकास में सीमेंट की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए रेलवे ने इस क्षेत्र की रसद क्षमताओं को अनुकूलित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हाल ही में लागू किए गए व्यापक सुधार, जिनमें बल्क सीमेंट टर्मिनलों के लिए नीति और कंटेनरों में बल्क सीमेंट की आवाजाही के लिए तर्कसंगत दरें शामिल हैं, सीमेंट परिवहन के आधुनिकीकरण की एक रणनीतिक पहल का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन उपायों का उद्देश्य बल्क हैंडलिंग क्षमता बढ़ाना पारगमन समय कम करना और रसद लागत कम करना है, जिससे उद्योग जगत के खिलाड़ियों और अंतिम उपभोक्ताओं दोनों को सीधा लाभ होगा और साथ ही आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता बढ़ेगी। ऐसे लक्षित हस्तक्षेप क्षेत्रीय परिवर्तन को गति प्रदान करते हैं। थोक माल की आवाजाही को रेल द्वारा स्थानांतरित करने से कई लाभ प्राप्त होते हैं जो केवल व्यावसायिक मानकों से कहीं आगे तक फैले हुए हैं। इससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है राजमार्गों पर भीड़भाड़ कम होती है और एमएसएमई सहित उद्योगों को हरित लॉजिस्टिक्स समाधानों तक पहुँच मिलती है। ये विकास सतत विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पुष्ट करते हैं माल ढुलाई को शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों की ओर देश की यात्रा के साथ जोड़ते हैं और रेलवे को आर्थिक और पर्यावरणीय प्रगति दोनों के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में स्थापित करते हैं।

## जी 20 की बैठक में छा गए नरेंद्र मोदी, मोदी के विचारों प्रभावित दुनिया भर के नेता

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में जी शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से विभिन्न विषयों पर दिए गए सटीक भाषण बैठक में मौजूद दुनिया भर के नेताओं और अधिकारियों में चर्चा का विषय बन रहे मोदी ने बहुत ही प्रभावशाली तरीके से विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी जो बैठक में मौजूद दुनिया भर के बड़े-बड़े राजनेताओं को अच्छी लगी इस बैठक में मोदी की ओर से दिए गए सुझावों को काफी अच्छा भी माना गया प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मेलन में समावेशी विकास जलवायु लचीलापन सतत विकास और वैश्विक सुधार शासन पर भारत का नजरिया प्रस्तुत किया । यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था जो आज तक संपादित होगा जानकारी के अनुसार शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के शीर्ष नेताओं ने एक साथ खड़े होकर फैमिली फोटो के लिए पहुंच दिया यह वही पारंपरिक ग्रुप फोटो है जो हर की-20 बैठक में ली जाती है और वैश्विक नेतृत्व की एकजुट का प्रतीक मानी जाती है द्य इस शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति से भी मुलाकात की और दोनों देशों के राष्ट्रपति ने भारत और ब्राजील दोनों देशों के मिलकर व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने की बात कही दोनों देशों के बीच हाली के वर्षों में राजनीतिक सहयोग व्यापारिक संभावनाओं और संस्कृति साझेदारी को लगातार बढ़ावा मिला है और यह मुलाकात इस रिश्ते को आगे बढ़ने का संकेत देती है इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति से भी मुलाकात की और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति से मुलाकात को काफी शानदार बताया और कहा की यह इस साल दोनों नेताओं की दूसरी बैठक है जो भारत और दक्षिण कोरिया के बीच स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की मजबूत गति को दिखाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति से आर्थिक सहयोग निवेश बढ़ाने और साझेदारी को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शिखर सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की और कहा कि भारत ब्रिटेन की साझेदारी में रिन्यूएबल एनर्जी आई है और दोनों देश कई क्षेत्रों में मिलकर आगे काम करते रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव से भी मुलाकात की और इस मुलाकात को उन्होंने काफी सार्थक बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि कई दशकों से जी शिखर सम्मेलन दुनिया की अर्थव्यवस्था को आकार देता रहा है लेकिन वर्तमान विकास मॉडल ने बड़े समुदायों को संसाधनों से वंचित किया है उन्होंने साफ कहा कि इन मॉडलों ने प्रकृति का अंधाधुंध दोहन बढ़ाया है और सबसे अधिक असर अफ्रीका और ग्लोबल साउथ पर पड़ा हुआ है उन्होंने तीन बड़े प्रस्ताव रखें 1.ग्लोबल ट्रेडिशनल नॉलेज रिपोजिटरी जी-20 अफ्रीका कौशल गुणक पहला और तीसरा ड्रग आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने पर जी-20 के प्रयास ।

## एस आई आर को लेकर कांग्रेस का सड़क से संसद तक संघर्ष का ऐलान, 14 दिसंबर की रैली को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस पार्टी भले ही बिहार में विधानसभा चुनाव हार गई हो लेकिन राहुल गांधी कथित वोट चोरी के मामले को छोड़ने वाले नहीं है। कांग्रेस पार्टी अब इस मामले को सड़क से लेकर संसद तक उठाने की जोरदार रणनीति तैयार कर रही है। इसी क्रम में 14 दिसंबर को जहां दिल्ली में रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय जाती रैली का आयोजन किया जा रहा है तो दूसरी तरफ जिन-जिन राज्यों में मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य चल रहा है वहां पर कांग्रेस पार्टी के राज्य इकाइयों को मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है । लोकसभा का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक संपादित हो रहा है इस सत्र में एक बार फिर से राहुल गांधी मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर संसद में चुनाव आयोग पर जहां जोरदार तरीके से हमला बोलने की रणनीति तैयार कर रहे हैं तो दूसरी तरफ बिहार में बड़ी संख्या में चुनाव से पहले चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची से हटाए गए नाम को लेकर भी संसद में कांग्रेस के नेता इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने के बारे में सोच रहे हैं। राहुल गांधी ने पिछले दिनों हरियाणा में भी वोट चोरी के मामले को लेकर संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके अपने विचार रखे थे और कहा था कि हरियाणा में भी बड़ी संख्या में मतदाता सूची में गलत तरीके से हेर फेर किया गया अन्यथा कांग्रेस पार्टी वहां चुनाव जीत जाती इस तरह के आप राहुल गांधी लगातार पिछले कुछ महीनो से लगते रहे हैं लेकिन अब राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों ने यह सोच लिया है कि इस तरह से आरोप लगाने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है इसलिए अब कांग्रेस पार्टी नए सिरे से इस मुद्दे को सड़क से लेकर संसद तक उठाने की रणनीति तैयार कर रही है इसी रणनीति के तहत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कई राज्यों के कांग्रेस जन इसमें शामिल होंगे राजस्थान से भी बड़ी संख्या में इस रैली में लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे इस रैली में विभिन्न राज्यों की ओर से वोट चोरी को लेकर जो लोगों से हस्ताक्षर करवाए गए थे उन सब के बारे में कांग्रेस के नेता यह बताएंगे कि पूरे देश में कितने लोगों ने वोट चोरी के मामले को लेकर हस्ताक्षर किए हैं इसके बाद कांग्रेस के नेता इस पूरे मामले को राष्ट्रपति भवन भी लेकर जाएंगे रामलीला मैदान की रैली में बड़ी संख्या में राजस्थान के कांग्रेस जन भी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे : 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की राष्ट्रव्यापी रैली में राजस्थान से बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों के शामिल होने की बात कही जा रही है।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने रणकपुर में अमित शाह, योगी आदित्यनाथ सहित कई नेताओं से मुलाकात की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सिक्किम के राज्यपाल और भारतीय जनता पार्टी की राजस्थानी इकाई के पूर्व अध्यक्ष ओम माथुर की पौत्री कोमल की शादी में शामिल होने के लिए शनिवार को देश के कई हिस्सों से देश के कई राज्यों के राज्यपाल बड़े-बड़े राजनेता उद्योगपति और विशिष्ट जन पाली जिले के राणापुर रोड पर लालबाग होटल पहुंचे, केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी शादी समारोह में वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और हरियाणा भाजपा के प्रभारी सतीश पूनिया, राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, जोगाराम पटेल के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों के कई बड़े-बड़े राजनेता यहां शादी समारोह में पहुंचे हैं शादी समारोह में कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गृहमंत्री अमित शाह को गुलदस्ता भेंट किया और उनसे बातचीत भी की अमित शाह ने मुस्कुराते हुए उत्साह के साथ भजनलाल शर्मा से बातचीत की मुख्यमंत्री शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे भी पहुंचे हैं देश के अलग-अलग हिस्सों से बड़े-बड़े राजनेताओं का शादी समारोह में आने का सिलसिला बना हुआ है इस विवाह समारोह में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के भी आने की बात कहीं जा रही है इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के भी आने की बात कही जा रही है इस शादी के लिए पिछले कई दिनों से ओम माथुर राजस्थान सहित देश के कई राज्यों में मेहमानों को अपने हाथों से निमंत्रण देने के लिए गए थे राजस्थान में भी उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सतीश पूनिया दिया कुमारी और अन्य कई बड़े नेताओं से व्यक्तिगत मुलाकात करके उन्हें शादी के लिए निमंत्रण पत्र दिया था इस शादी समारोह में सिक्किम के मुख्यमंत्री भी विशेष तौर पर आए हैं उल्लेखनीय है कि ओम माथुर भारतीय जनता पार्टी के कुशल रणनीतिकार माने जाते थे लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें फिलहाल संवैधानिक पद पर बिताया हुआ है सिक्किम के राज्यपाल पद पर उन्हें तैनात किया गया अन्यथा इससे पहले ओम माथुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के काफी भरोसेमंद और विश्वासपात्र नेता माने जाते हैं देश के कई राज्यों में इन्हें भाजपा का प्रभारी भी बनाया गया गुजरात में भी इन्हें पार्टी का प्रभारी बनाया गया था जहां पर इन्होंने काफी अच्छा कार्य करके दिखाया था इसके अलावा ओम माथुर को जहां-जहां भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई वहां उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन करके दिखाया था फिलहाल राजस्थान के दो बड़े नेता गुलाबचंद कटारिया और ओम माथुर को राज्यपाल पद पर विराजमान किया गया है इससे पहले जगदीप धनखड़ को भी पहले राज्यपाल बनाया गया था फिर उन्हें उपराष्ट्रपति पद पर बिठाया गया था

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
23 नवम्बर, 2025


## शिवाजी पार्क में दिनदहाड़े बड़ी लूट

### नकाबपोश बदमाशों ने ज्वेलर्स से 1 लाख व सोना उड़ाया

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)** शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक ज्वेलरी शोरूम में हुई दिनदहाड़े लूट से शहर में सनसनी फैल गई। राधा ज्वेलर्स पर करीब दोपहर 3 बजे तीन नकाबपोश बदमाश पहुंचे और कट्टे की नोक पर व्यापारी मोहनलाल सोनी से 1 लाख रुपये नकद तथा करीब आधा किलो सोना लूटकर फरार हो गए वारदात की सूचना पर थाना प्रभारी चंद्रशेखर व सीओ सिटी अंगद शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में लूट की पूरी वारदात कैद है, जिसमें आरोपी चेहरे ढके हुए लूट को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं पुलिस टीम आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों के भागने के रास्ते और पहचान का सुराग मिल सके। अधिकारी सभी संभावित कोणों से जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले इसी व्यापारी को एक महिला द्वारा धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया था, जिससे मामला पहले भी चर्चा में रहा पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## उर्मिला धायल राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त

**सीकर(निसं.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन  खड़्गे राहुल गांधी की सहमति स्वीकृति से महासचिव के सी वेणु गोपाल ने एक आदेश जारी कर राजीव गांधी पंचायत राज संगठन मे राष्ट्रीय संयोजक पद पर सीकर जिला परिषद सदस्य उर्मिला धायल को नियुक्त किया है। धायल की नियुक्ति पर सीकर अंचल के कांग्रेसजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुये धायल को बधाई प्रेषित की है। गौरतलब है कि उर्मिला धायल छात्र राजनीति से मुखर होकर वेदांत महाविद्यालय रींगस मे दो बार अध्यक्ष पद पर रही तदुपरांत  जिला परिषद  सदस्य रहते हुये कांग्रेस पार्टी के अग्रिम संगठनों मे पदाधिकारी व प्रभारी रहकर पार्टी के लिये सक्रिय है। कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के पक्ष मे प्रचार-प्रसार मे विशेष रूप से मातृ शक्ति को एकजुट करने मे योगदान उल्लेखनीय है। ग्रामीण अंचल मे कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति को जन जन तक पहुँचाने मे आज भी सक्रिय है। धायल की नियुक्ति पर कांग्रेस नेता किसान कांग्रेस अध्यक्ष शिव भगवान नागा, पूरण कंवर, पूर्व उप जिला प्रमुख संजू जिला परिषद सदस्य अध्यक्ष, संजू गोदारा, पूर्व प्रधानसंतोष वर्मा, वीरेन्द्र, सोहन लाल सकुरिया, सुरेश जांगिड़ मक्खन जागिड़ सहयोग भंवरिया, ग्यारसी लाल,सुल्तान सिंह, ओमप्रकाश, जितेन्द्र सिंह, धर्म सिंह बिजारणिया,गौतम खाटू वाला,ओमप्रकाश आमदनी,मदन बिजारनियाँ, वेद प्रकाश राय सहित कांग्रेस नेता प्रमुख है।

## नया लेबर कोड का विरोध रोडवेज के सभी डिपो पर 23 नवम्बर को

**सीकर(निसं.)।** रोडवेज संयुक्त संघर्ष समिति के घटक रोडवेज एम्पलाइज यूनियन ऐटक, रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू, राष्ट्रीय कांग्रेस ईंन्टक, रोडवेज रिटायर्ड एम्पलाइज एसोसिएशन, रोडवेज सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति के नेता महेश कुड़ी, अशोक मील, नोरंगसिंह नरोदडा, प्रभुदयाल बाजिया, सावरमल यादव ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारत सरकार द्वारा 44 श्रमिक कानूनों को खत्म कर 4 लेबर कोड को लागू करने का सख्त विरोध करते हैं। रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू के प्रदेशाध्यक्ष रामदेवसिंह टाकरिया ने बताया कि केन्द्रीय ट्रेड यूनियन श्रम संघ में बीएमएस को छोड़कर दस श्रमिक संघों ने मोदी सरकार द्वारा श्रमिकों के लंबे संघर्षों के बाद बने श्रमिक कानूनों को खत्म कर 4 लेबर कोड लागू करने का राष्ट्रीय स्तर पर विरोध करने का फैसला किया है। राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू के उप महासचिव शिवदानाराम शेषमा ने कहा कि राजस्थान रोडवेज में बने संयुक्त मोर्चे के आव्हान पर 23 नवम्बर को राजस्थान रोडवेज के सभी आगारों, कार्यशालाओं तथा बस स्टैंडों पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांध कर कार्य करने के साथ ही दोपहर में लेबर कोड के खिलाफ प्रदर्शन किया जायेगा।सीकर आगार में काली पट्टी बांध कर 23 नवम्बर को से ही रोज दोपहर 01 बजे 4 लेबर कोड के विरोध में  प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

## प्रिंस एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**सीकर।** जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी के 11वीं कला संकाय के विद्यार्थियों ने राजकीय संग्रहालय, सीकर का शैक्षणिक भ्रमण किया।प्राचीन इतिहास, राजस्थानी संस्कृति व विरासत से परिचित होने हेतु आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक व प्रागैतिहासिक दुर्लभ वस्तुएं, औजार, युद्ध कालीन अस्त्र-शस्त्र, वेशभूषा तथा प्राचीन सांस्कृतिक जनजीवन के दर्शन किये।प्रिंस एकेडमी कॉर्डिनेटर शक्ति सिंह, इतिहास व्याख्याता नरेंद्र कुमार, कृतिका शुक्ला एवं तमाजीतपाल के नेतृत्व में आयोजित हुए इस भ्रमण से विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में कक्षावार टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रिंसिपल विकास केडिया, सीमा राजपुरोहित, कोर्डिनेटर्स व शिक्षकों ने 159 मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बेहतर एकेडमिक्स के लिए कंसिस्टेंसी के साथ रेगुलर सेल्फ स्टडी व डिसिप्लिन होना अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम में प्रिंस स्कूल के समस्त स्टाफ मेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता सुनील सहारण ने किया।

## देश और दुनिया के विशेषज्ञों ने किया 'थार सस्टेनेबिलिटी' पर मंथन

**बीकानेर,** 'वेदांता-टूर डी थार' की पूर्व संध्या पर शनिवार को देश और दुनिया के विषय विशेषज्ञों ने थार सस्टेनेबिलिटी सहित इससे जुड़े अनेक मुद्दों पर मंथन किया।  केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल की पहल पर जिला परिषद सभागार में आयोजित 'थार सस्टेनेबिलिटी समिट' की शुरुआत फ्रांस के पियर गर्बाड के ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण अनुकूलन पर तथा सस्टेनेबिलिटी स्टोरी टेलर एलिना मर्लिन ने बात रखी। समिट के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मेघवाल के विजन के अनुसार थार सस्टेनेबिलिटी, इको सिस्टम, जलवायु परिवर्तन के परिणामों पर चर्चा के साथ डेजर्ट टूरिज्म की संभावनाओं पर मंथन हुआ।  इसके बाद आयोजित सत्रों में  'हेरिटेज एंड आइडेंटिटी: बीकानेर थ्रू द एजेस' विषय स्वामी समानंद गिरि और डॉ. विमल कुमार गहलोत ने व्याख्यान दिया। स्वामी समानंद ने आध्यात्मिक चेतना से जुड़े तथ्य रखे। वहीं गहलोत ने बीकानेर की ऐतिहासिक पहचान, सांस्कृतिक धरोहर और मरुस्थलीय समाज के विकास पर प्रस्तुतीकरण दिया।

# अपराधों पर जितनी लग रही लगाम, वही दूसरी ओर अपराधों का गढ़ बन रहा अलवर

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिले में एक ओर पुलिस प्रशासन अपराध पर लगाम कसने के लिए लगातार प्रयासरत है–निगरानी बढ़ाई जा रही है, गश्त तेज की जा रही है और अपराधियों पर सख्ती दिखाने के दावे किए जा रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर शहर और आसपास के इलाकों में बढ़ती आपराधिक वारदातों ने आमजन की चिंता और पुलिस की चुनौतियों दोनों को बढ़ा दिया है। हाल की घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या अलवर अपराधों का नया गढ़ बनता जा रहा है ? पिछले कुछ दिनों में हो रही घटनाओ से अलवर आहत हो रहा है वही शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े जैवलर्स से  लाख रुपये व सोने की लूट हो चाहे  कोतवाली क्षेत्र में पीजी में हुआ पथराव और लाठी-डंडों से हंगामा, तथा अन्य क्षेत्रों में चोरी-नकबजनी की बढ़ती घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं  कई मामलों में अपराधी सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बावजूद अभी तक गिरफ्त से बाहर हैं। इससे स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना गहरी होती जा रही है पुलिस प्रशासन का कहना है कि सभी घटनाओं की त्वरित जांच की जा रही है और अपराधियों को जल्द पकड़ने के लिए टीमें गठित कर छापेमारी की जा रही है। शहर में रात्रि गश्त बढ़ाने, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स तैनात करने और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई तेज करने की बात भी कही जा रही है इसके बावजूद घटनाओं का लगातार सामने आना यह दर्शाता है कि अपराधी तंत्र कितना सक्रिय और बेखौफ है। व्यापारियों, छात्रों और आम नागरिकों का कहना है कि शहर में अपराध पर काबू पाने के लिए पुलिस को और सख्त तथा ठोस रणनीति अपनानी होगी। सुरक्षा इंतज़ामों में तकनीकी मदद, अधिक कैमरे, और खुफिया निगरानी बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया जा रहा है स्थानीय सामाजिक संगठनों का कहना है कि अपराध बढ़ने के पीछे बेरोजगारी, बाहरी तत्वों की गतिविधियां और नशे का बढ़ता प्रसार भी बड़ी वजहें हैं। ऐसे में पुलिस, प्रशासन और समाज को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे, तभी अपराधों की बढ़ती रफ्तार पर रोक लग सकेगी अलवर में एक तरफ अपराध नियंत्रण को लेकर कार्रवाइयां जारी हैं, पर दूसरी तरफ बढ़ती वारदातें इस बात का संकेत हैं कि सुरक्षा व्यवस्था को अभी और मजबूत करने की आवश्यकता है। आमजन यही उम्मीद कर रहा है कि सख्त कदमों और बेहतर पुलिसिंग से शहर जल्द ही सुरक्षित माहौल की ओर लौटेगा।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष यूनिटी मार्च गंगा प्रवाह यात्रा अलवर पहुंची

### नेहरू गार्डन में हुआ भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिल्ली से निकली ऐतिहासिक 'यूनिटी मार्च-गंगा प्रवाह यात्रा' शनिवार को अलवर पहुंची। यात्रा के शहर में प्रवेश करते ही मुख्य बाजारों और मार्गों पर देशभक्ति का जोश देखने को मिला। नेहरू गार्डन पहुंचने पर नागरिकों, समाजसेवियों और युवाओं ने ढोल-नगाड़ों व वंदे मातरम के जयघोष के साथ यात्रा का पारंपरिक स्वागत किया नेहरू गार्डन में आयोजित सभा में वक्ताओं ने वंदे मातरम के राष्ट्रनिर्माण में योगदान और इसकी 150 वर्षीय गौरवपूर्ण विरासत पर विचार रखे। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र पिलानिया ने बताया कि लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर तक चलने वाली यह यात्रा समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्रप्रेम को मजबूत करने का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा का हर पड़ाव देश की सांस्कृतिक एकता को समझाने और लोगों को जोड़ने का माध्यम बन रहा है अलवर में मिले उत्साह से ऊर्जा पाकर यात्रा अपने अगले पड़ाव की ओर रवाना हो गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, नरेंद्र गोयल, प्रमोद विजय, सुमन चौधरी, मीना सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### विधायक ने की जनसुनवाई

## आमजन से मिलकर समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

जयपुर टाइम्स



**तिजारा(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र में विधायक महंत बालक नाथ योगी ने भिवाड़ी, टपूकड़ा व तिजारा में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से पंहुचे आंगतुको से मिलते हुए उनकी समस्याओं को सुना व समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा की विधानसभा क्षेत्र में आमजन की हितार्थ सभी अधिकारी निरन्तर कार्य कर रहे हैं। विधि सम्मत सभी कार्यों का निस्तारण किया जा रहा है। जहां किसी कर्मचारी अथवा अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती जाने की शिकायत प्राप्त होती है उनके प्रति तुरंत संज्ञान लिया जाता है। उन्होंने कहा की विधानसभा के सभी प्रमुख क्षेत्रों में विकास और सौन्दर्यकरण का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में अपराध रोकथाम के क्षेत्र में भी निरन्तर कार्य किया जा रहा है और अपराध व अपराधियों के प्रति सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में जहा अपराध और अपराधियों को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त था वहीं भाजपा शासन में इस सोच को बदला गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश व उनकी प्रेरणा से  मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। तिजारा विधानसभा क्षेत्र अब विकास की राह पर है। आने वाले समय में भिवाड़ी सहित टपूकडा व तिजारा क्षेत्र में अनेक विकास के कार्य संपन्न होंगे जिनका लाभ स्थानीय जनता को मिलेगा।

## आईआईटी खड़गपुर परीक्षा में अलवर के शाश्वत गुप्ता टॉप वन में

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आईआईटी खड़गपुर के सॉफ्टवेयर इन्जिनीरिंग पाठ्यक्रम में हुए 26 अक्टूबर 2025 को नॉएडा में आयोजित हुई थी उसमें 4485 प्रतिभिगियो में शाश्वत गुप्ता ने शीर्ष 1' स्थान प्राप्त किया। मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन ,लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सीनियर सदस्य लायन गिरीश गुप्ता एवं लायन यामिनी गुप्ता (कोषाध्यक्ष) के सुपुत्र शाश्वत गुप्ता इस वक़्त नॉएडा में टाइम्स ऑफ़ इंडिया की यूनिवर्सिटी बेनेट में बीटेक कंप्यूटर साइंस में सेकंड इयर का स्टूडेंट है शाश्वत गुप्ता इससे पूर्व अलवर के सेंट एन्सेलम्स स्कूल का स्टूडेंट रहा है इस वक़्त शाश्वत गुप्ता बेनेट यूनिवर्सिटी में एन.एस.एस. की अधिकतर गतिविधियों में तथा यूनिवर्सिटी की तरफ से आयोजित कार्यक्रमों में मास्टर ऑफ़ सेरेमनी के रूप में भी अपनी प्रतिभा दिखा रहा है। अपने पिता रक्त्वीर गिरीश गुप्ता (73 बार स्वेच्छिक रक्तदान तथा 100 बार एस.डी.पी. डोनेशन) के नक़्शे कदम पर चलते हुए अब तक 2 बार स्वेच्छिक रक्तदान कर चुका है। शाश्वत अभी 01 नवम्बर 2025 को ही 19 वर्ष का हुआ है। लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल एवं समस्त सदस्य शाश्वत गुप्ता के इस अचीवमेंट पर अपनी हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते है। शाश्वत गुप्ता का सपना एक बड़ा सॉफ्टवेर इंजिनियर बनकर कुछ देश के लिए ख़ास करने का इरादा रखता है स्पेशली यह साइबर फ्रौड को रोकने के सॉफ्टवेयर को बनाने की तरफ प्रयासरत है। शाश्वत गुप्ता की बड़ी बहन मुस्कान गुप्ता कनोडिया कॉलेज जयपुर से ग्रेजुएशन करके न्यू देहली इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट से एम.बी.ए. करके कैलिफोर्निया की कम्पनी प्रोटिविटी में गुडगाँव में कार्यरत है ओर अपने छोटे भाई के अचिवेमेंट पर बहुत गौरान्वित महसूस कर रही है।

## मतदाता अंतिम तिथि का इन्तजार किये बिना यथा शीघ्र अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा करावे

### 4 दिसम्बर तक अपना गणना प्रपत्र जमा नहीं कराने पर नाम मतदाता प्रारूप सूची में नहीं हो पाएगा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से किये जा रहे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत मतदाता को अपने गणना प्रपत्र (ईएफ) 4 दिसम्बर तक ही ऑनलाइन या बीएलओ के माध्यम से ऑफलाइन भर सकते है। इस निर्धारित समय सीमा तक जिन मतदाताओ के गणन प्रपत्र बीएलओ के पास जमा नही होगे, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नही हो पाएगा। ऐसे मतदाताओं को प्रारूप सूची में नाम शामिल कराने के लिए लम्बी प्रक्रिया से गुजरना होगा अतः जिले के सभी मतदाताओ से अपील की कि वे अपने गणन प्रपत्र भरकर शीघ्र अतिशीघ्र बीएलओ को जमा कराकर प्राप्ति रसीद प्राप्त कर लेवे।
उन्होंने बताया कि मतदाता एवं बीएलओ की सहायता हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर हेल्प डेस्क स्थापित कर प्रशिक्षित कार्मिकों का नियोजन किये गये है जो गणना प्रपत्र भरने में मतदाताओं व बीएलओ को सहयोग प्रदान कर रहे है।

### 23 व 24 नवम्बर को शहर में यहां लगेंगे मतदाता सहायता शिविर

उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर रविवार को अम्बेडकर नगर शॉपिग कॉम्पलेक्स (नियर साई बेकर) में प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक तथा इसी प्रकार 24 नवम्बर को ठाकर वाला रोड में शिव मन्दिर राशन की दुकान के पास वार्ड नं. 53 से 57 तक के मतदाताओं के लिए एसआईआर मतदाता सहायता शिविर आयोजित होगे। शिविर में आने वाले मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने तथा ऑनलाइन आवेदनों में आ रही किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाताओ की सहायता हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर हेल्प डेस्क स्थापित कर प्रशिक्षित कार्मिकों का नियोजन किया गया है। अतः मतदाता अपने मतदान केन्द्र पर बीएलओ के माध्यम से इस संबंध में सहायता प्राप्त कर सकते है।



*अलवर। नगर विकास न्यास अलवर में नवनियुक्त तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह जायसवाल का समाजजनों व पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया वही उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।*

## दो मंजिला इमारत से निचे गिरा 12 वर्षीय बच्चा, छत पर पतंग उड़ाते समय हुआ हादसा, राजकीय उप जिला अस्पताल में उपचार के बाद किया रेफर



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के वार्ड 43 में छत पर पतंग उड़ाते समय एक 12 वर्षीय बच्चा दो मंजिला इमारत से नीचे गिर गया। जिससे बच्चें को गंभीर चोटें आई है। परिजनों ने तुरंत बच्चें को निजी वाहन के सहयोग से राजकीय उप जिला अस्पताल लेकर आए। राजकीय उप जिला अस्पताल में डॉक्टर व नर्सिंग टीम ने बच्चें का प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सेंटर बीकानेर रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 43 का शाकीर पुत्र शकील सांखला उम्र 12 साल छत पर पतंग उड़ा रहा था कि दो मंजिला नया मकान के आगे की ग्रिल नहीं होने के कारण बच्चा पतंग उड़ाते उड़ाते दो मंजिला इमारत से नीचे गिर गया। छत से गिरकर बच्चा गंभीर घायल हो गया। डॉक्टर के अनुसार बच्चें के अंदर की चोट होने के कारण उसे हायर सेंटर बीकानेर रैफर किया गया है।

## राजकीय विद्यालय में 84 बच्चों को स्वेटर किया वितरण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के कर्वा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लायन्स क्लब के तत्वाधान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुरा बिदावतान में छात्र छात्राओं को गर्म स्वेटर वितरीत किए गए। क्लब मिडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि कौशल्या देवी मानिकचंद प्रदीप कर्वा चैरिटेबल ट्रस्ट के आर्थिक सौजन्य स्कूल में 84 बच्चों को स्वेटर वितरीत किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रतिनिधि ललित लखोटिया, लायन अनिल गोयल, सुशील भोजक, घनश्याम बोचीवाल, नेमीचंद जांगिड व्याख्याता ज्योति शर्मा, प्रधानाध्यापक विनोद मीणा, अभिषेक शर्मा, शान्ति प्रकाश, विनोद सींवर, मंजू शर्मा, गीतारानी आदि उपस्थित रहे। स्कूल प्रशासन द्वारा ट्रस्ट व प्रतिनिधि ललित लखोटिया का स्वेटर वितरण पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभुराम जाखड़ ने किया।

## प्रथम श्रेणी व्याख्याता बनने पर मकसूद काजी का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** प्रथम श्रेणी व्याख्याता शिक्षक बनने पर शहर काजी परिवार द्वारा मकसूद काजी का सम्मान किया गया। जिसमें हाजी मोहम्मद अयूब काज़ी, मास्टर दाऊद काज़ी, चीफ शहर क़ाज़ी हाफिज मुहम्मद अकरम रजा रिज़वी, कोम ए कजियान सदर मुमताज काजी, सकिल काज़ी, सलम काज़ी, मो. आवेश, समीर खान खोखर, हाजी तोहिद काज़ी, तंजिल रजा काजी व काजी समाज के अनेक लोग, अर्जुन भार्गव आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर मकसूद काजी के पिता मास्टर दाऊद काजी का भी समाज बन्धुओं ने सम्मान किया।

## विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ किया खेल कौशल का प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला मुख्यालय स्थित लिटिल फ्लॉवर स्कूल, चूरू में कक्षा नर्सरी से तृतीय तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक खेलकूद समारोह 2025 का आयोजन शनिवार को उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजर फादर जिनेश, प्रिंसिपल सिस्टर मैबल एवं फादर रिन्स द्वारा रिबन कटिंग एवं ध्वजारोहण के साथ किया गया। शुरुआत स्कूल बैंड की आकर्षक प्रस्तुति और चारों हाउसेज़ की अनुशासित मार्च पास्ट से हुई। इस मौके पर फादर जिनेश ने कहा कि विद्याथियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद पर भी फोकस करना चाहिए। व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल जरूरी हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट खेल कौशल, आत्मविश्वास एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम में और भी उत्साह भर दिया। विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# ट्रेड फेस्टिवल में 30रू. का एंट्री टिकट लिए जाने का जताया विरोध

### भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने कहा टेक्स आदि लगाना सरकार का काम है....



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के एन के लोहिया स्टेडियम में लगा फेस्टिवल इन दिनों विवादों में आ रहा है। कारण है कि मेले में एंट्री के लिए 30 रूपए का टिकट भी लग रहा है। आम लोगों को एंट्री के लिए टिकट लेने की आदत नहीं है। वहीं एंट्री टिकट आदि लगाने का कार्य आम तौर पर उस वक्त होता है, जब परमानेंट ही कोई अलोटमेंट किसी फर्म को कर दिया जाता है। दूसरी ओर शनिवार की शाम को भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप मौके पर पहुंचे और एंट्री टिकट लिए जाने का विरोध जताया। कुलदीप ने कहा कि बाकी सब चीजों के पैसे लिए जा रहे हैं, तो स्टेडियम के अंदर घुसने के लिए टिकट का प्रावधान जजिया कर लगाने जैसा है। उन्होंने कहा कि या तो सुजानगढ़ में मेला नहीं चलेगा या फिर एंट्री टिकट नहीं चलेगा। दूसरी ओर इस मामले में आम जनता भी एंट्री टिकट के विरोध में नजर आई। मेला मैनेजर संजय से बात करने पर उन्होंने बताया कि हम लोग आम जनता को 15-20 सेल्फी पोईंट उपलब्ध करवा रहे हैं, ऐसे में एंट्री टिकट रखा जाना वाजिब है। अगर ऐसा नहीं होता, तो फालतू भीड़ मेले में आएगी और व्यवस्था भंग होगी। वहीं प्रशासन द्वारा दी गई परमिशन में एंट्री टिकट के प्रावधान के बारे में लिखित में होने के बारे में जानकारी चाहने पर मेला मैनेजर संजय ने साफ-साफ मना कर दिया कि परमिशन में ये चीजें लिखित में नहीं है। ऐसे में सोचने वाली बात ये है कि जब परमिशन में एंट्री टिकट का प्रावधान भी नहीं किया गया है, तो किस अधिकार से ये एंट्री टिकट वूसली जा रही है। दूसरी ओर अगर मेला संचालक प्रशासन को मेला लगाने से पहले एंट्री टिकट के प्रावधानों के बारे में जानकारी देते, तो प्रशासन परमिशन देता या नहीं देता, यह भी अपने आप में बड़ा सवाल है। फिलहाल आम लोगों में एंट्री टिकट के प्रति अंदरखाने विरोध है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही प्रशासन इस मामले में कोई समुचित कार्यवाही करेगा।

### भानीपुरा पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई,

# 80 लाख की अवैध शराब से भरे ट्रक के साथ तस्कर गिरफ्तार

### अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई,

### पंजाब से गुजरात जा रही अवैध शराब पर पुलिस की कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** भानीपुरा पुलिस ने अन्तर्राज्जिय शराब माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब से गुजरात तस्करी की जा रही 528 कार्टन अवैध शराब व बीयर 80 लाख रुपए की जप्त की है। पुलिस ने शराब व ट्रक को जप्त कर सांचौर जिला जालौर निवासी 34 वर्षीय सुरेश बिश्नोई पुत्र हरिराम बिश्नोई को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अरविंदसिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि भानीपुरा पुलिस थाने के आगे नाकाबंदी के दौरान हनुमानगढ़ की ओर से आए 1 ट्रक को रुकवाकर चेक किया गया तो उसमें अवैध शराब भरी हुई मिली। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 528 कार्टून अवैध पंजाब निर्मित शराब व बीयर से भरे ट्रक को कब्जे में लेकर अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अंजाम देने में सफलता हासिल की है। अवैध शराब की अनुमानित कीमत 80 लाख रुपए है। वहीं आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृश्यता पूछताछ के अनुसार शराब पंजाब से गुजरात तस्करी की जा रही थी। वहीं इस कार्रवाई में भानीपुरा थाना अधिकारी अरविंद सिंह, हेड कांस्टेबल रामचंद्र बुडानिया, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, मनीष कुमार शर्मा, कुलदीप, राजेंद्र प्रसाद, डीएसटी प्रभारी जयप्रकाश, कांस्टेबल मुकेश कुमार, मोहरपाल, मुकेश कुमार, प्रमोद प्रजापत और भीम सिंह की विशेष भूमिका रही हैं।

## मोरारका राजकीय महाविद्यालय में 'नई किरण' नशा मुक्ति अभियान कि कार्यशाला आयोजित



**झुंझुनूं।** मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनू में शनिवार को नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता एवं नशा मुक्ति अभियान के प्रणेता राजन चौधरी ने नशा मुक्त भारत निर्माण विषय पर उद्बोधन देते हुए कहा कि नई किरण अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू, ड्रग्स एवं अन्य नशों से दूर रखकर समाज में स्वस्थ व सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव, उसके सामाजिक-आर्थिक परिणाम तथा नशे से छुटकारा पाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। चौधरी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने आसपास नशे की चपेट में आए लोगों को नशा मुक्ति केंद्रों तक पहुंचाने में सहयोग करें और समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर ने कहा कि अक्सर नशे की शुरुआत युवावस्था में होती है, जो बाद में लत का रूप लेकर भविष्य और करियर दोनों को नष्ट कर देती है। उन्होंने छात्रों से नशे के खिलाफ जागरूक दूत बनने का आह्वान किया। इस दौरान प्रोफेसर यशपाल ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक व सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी और आत्मनियंत्रण एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह न्यौला ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलवाई एवं कहा कि महाविद्यालय परिसर को पूरी तरह नशामुक्त एवं स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम का संचालन नशा मुक्ति कॉलेज संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर रतन सिंह पायल ने किया। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ, एनएसएस, एनसीसी इकाइयों के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र जागरण अखंड दीप ज्योति रथ यात्रा का स्वागत

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित उक्त यात्रा आज इंद्रमणि पार्क से चांद कंवर द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना की गई। रथ यात्रा का दृश्य बड़ा मनमोहक था। सबसे आगे बैंड,दो घोड़े,उसके बाद सजा हुआ ऊंट, उसके पीछे शान्तिकुंज हरिद्वार से अखंड दीपक को संजोए हुए रथ, बाद में संकड़ों गाड़ियों की रैली। रास्ते में जगह जगह पुष्प वर्षा कर जनता के द्वारा स्वागत किया गया। गढ़ चौराहा, सफेद घंटाघर, सुभाष चोक होते हुए गायत्री शक्तिपीठ जुलुश पहुंचा। यात्रा में गायत्री माता के जय घोष और भजन कीर्तन आदि पूरे रास्ते चलते रहे। गायत्री शक्तिपीठ में रथ के पहुंचने पर अखण्ड दीपक के दर्शन कर आरती उतर गई। सभी लोगों ने दीपक के सामने नतमस्तक होकर पुष्प चढ़ाए। ज्ञातव्य है कि यह रथ चूरू तहसील में 30नवंबर तक गांवों में घूमेगा। इसका उद्देश्य जन जन तक सनातन की परंपरा अंतर्गत यज्ञ का महत्व बताना, विश्व शांति स्थापित करना तथा अब तक इसके आगे अरबों मंत्र जप हो चुके हो ऐसा भारत का पहला दीपक जो100 साल से प्रज्वलित है के दर्शन करवाना है। कल अग्रसेन नगर में 8बजे से सामुदायिक भवन में प@ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होगा जहां लोग अखण्ड दीपक के दर्शन भी कर सकेंगे। आज की रथ यात्रा में मुख्यतः डीके सैनी सत्यनारायण सैनी नीरज जांगिड़ सत्यनारायण कनोडिया,मानक चंद स्वामी खंडवा, प्रताप सिंह तंवर बालरासर तंवरान, रतन सिंह तंवर, रविन्द्र सिंह तंवर, पृथ्वीराज सैनी, राजकुमार इंदौरिया मैनेजर एसबीआई, जुगल सिंह शान्ति कॉलोनी, प्रताप सिंह राठौड़ सीईओ मित्तल ग्रुप, तेजपाल सिंह, कमलेश कंवर, राज श्री, प्रकाश कंवर, किशन कंवर, प्रेम कंवर, गायत्री गोरसिया, आशा, शशि माया सैनी आदि संकड़ों लोग थे। रथ का संयोजन नीरज जांगिड़ व रवि दाधीच की अगुवाई में उनकी टीम ने किया। शक्तिपीठ में कार्यक्रम के अन्त में उम्मेद सिंह राठौड़ व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम बहुत शानदार रहा।

## अंडर-17 बास्केटबॉल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश ने जीता स्वर्ण पदक

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नाथोतालाब स्थित आदर्श विद्या मन्दिर में विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुकाबले दिन में ही नहीं, बल्कि रात में भी दूधिया रोशनी में उत्साहपूर्वक खेले गए। संगठन मंत्री मा. गोविंद कुमार के मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों में अनुशासन, उत्साह और टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। निर्णायक मंडल गजेन्द्र सिंह, रविकांत, सुनील, दिव्यांशु, धीरज, चांदनी नेगी, पवन पारीक, मनीष वेदी, ओमप्रकाश मील, महावीर सिंह ने अपनी निष्पक्षता, सजगता और निष्ठा से प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों के कुल 42 मैच निर्धारित थे, जिनमें से 30 मैच संपन्न हो चुके हैं। अंडर-19 में राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को 46-48 से पराजित किया, जबकि पश्चिम उत्तर प्रदेश ने मध्य क्षेत्र पर 25-9 से जीत दर्ज की। अंडर-14 में पश्चिम उत्तर प्रदेश ने दक्षिण क्षेत्र को 13-9 से हराया। अंडर-17 का फ़ाइनल विशेष आकर्षण रहा, जिसमें पश्चिम उत्तर प्रदेश ने दक्षिण-मध्य क्षेत्र को 28-22 से पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि दक्षिण-मध्य क्षेत्र उपविजेता रहा। दर्शकों ने सभी खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का भरपूर उत्साहवर्धन किया।

## सड़क के बीच की नाली पर लगा जाल टूटने से बना जी का जंजाल

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** शहर में नगर परिषद की लापरवाही से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नई सड़क काकटिया निवास से श्याम सिनेमा हॉल की तरफ जाने वाले रास्ते में सड़क के बीच की नाली पर लगा जाल टूटने से स्थानीय लोगों को समस्या उठानी पड़ रही है इस खुली नाली में एक युवती की स्कूटी फंस गई गनीमत रही कि युवती के चोटे नहीं आई स्थानीय लोगों ने स्कूटी को बाहर निकाला। मोहल्ले के अरुण जांगिड़ व आजम निरबाण ने बताया कि पिछले कई दिनों से यह जाल टूटने के बाद स्कूटी व बाइक सवार के साथ-साथ राहगीरों के साथ दुर्घटनाओं का अंदेशा बढ़ गया है कभी-कभी तो गाय और ऊंट गाड़ी वालों का बहुत नाली से संबल कर चलना पड़ता है फिर भी उनके साथ दुर्घटना होती रहती है। नगर परिषद प्रशासन को और जमादार को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद यहां पर नया जाल नहीं लगाया जा रहा है आज फिर एक गाय का पैर फंस गया समय रहते इसका समाधान नहीं हुआ तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

## गांव गोपालपुरा में घंटो तक ट्रेफिक जाम, पुलिस ने करवाया यातायात बहाल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहरों में ट्रेफिक जाम की समस्या आम बात है। लेकिन गांवों में ट्रेफिक जाम के कारण लोग फंस जायें, ये बात गले नहीं उतरती। लेकिन निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में शनिवार की शाम को करीब तीन घंटे तक सड़क पर ट्रेफिक जाम लग गया। ग्रामीणों से जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि डूंगरगढ़ से बारात आई थी, जिसके वाहन डीडवाना की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में डंफर, ट्रक आदि से वाहनों का जाम लग गया और बारात के वाहन भी इस सड़क जाम में फंस गए। बारातियों ने बताया कि घंटो से सड़क जाम में फंसे हैं और आगे भी लेट हो रही है। लेकिन शाम तक इस मामले का समाधान नहीं हुआ। दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि बाई पास रोड़ नहीं होने के कारण भारी वाहन गांव के अंदर से आते हैं और छोटे वाहन सड़क जाम में फंस जाते हैं, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कत होती है। दूसरी ओर से मामले में जानकारी चाहने पर सदर थाने के सीआई पुष्पेंद्र झाझड़िया ने बताया कि मौके पर पुलिस जाप्ता भेजा गया और शाम को सड़क जाम को खुलवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरी ओर शाम को ग्रामीणों ने फोन करके बताया कि करीब पौने सात बजे तक यातायात बहाल हो पाया है।

## अतिथियों को होगा सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति व उदयपुरवाटी-जल संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 23/11/2025 रविवार को प्रातः 10.30 बजे,भैरूघाट जयपुर रोड़,शारदा कला निकेतन, घाट उदयपुरवाटी में नवनियुक्त पदाधिकारियों, भामाशाहों,व विशिष्ट अतिथियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सर्वज्ञातव्य है कि अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति पिछले कई सालों से पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत शानदार काम कर रही है,साथ ही अरावली पर्वतमाला श्रृंखलाओं का संरक्षण व इसकी तलहटी में बसे लोगों के संरक्षण के लिए सर्वांगीण विकास के लिए संघर्ष कर रही है, सभी आधारभूत सुविधाओं के लिए विशेष कर पहाड़ी वैल्ट में पेयजल आपूर्ति सुलभ कैसे हो . उक्त 23 नवम्बर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम, अध्यक्षता एडवोकेट के के सैनी व विशिष्ट अतिथि के रूप मेंसुशील पारीक,प्रदेश अध्यक्ष, पर्यावरण संरक्षण विभाग, राजस्थान पीसीसी जयपुर व शकुंतला यादव,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष झुंझुनूं पधार रही है।आप सभी से अनुरोध है कि आप लोग ज्यादा ज्यादा संख्या में पधारकर कार्यक्रम का हिस्सा बने।

## शांति भंग के आरोप में युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पुलिस ने शांति भंग के आरोप में उमर उर्फ राजा पुत्र हाजी मोहम्मद, निवासी नया बाजार चौक के पास सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर पप्पू लाल मीणा ने यह कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार युवक ने एक व्यक्ति पर हमला किया और शांति भंग की।


## कार्यालय नगरपालिकारतनगढ़ (चूरू) राजस्थान

कमाकं :- नपार / 2025/ 4323-25 | दिनांक- 20.11.25

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदकगण द्वारा नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। (जिसका पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है) इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्थान को कोई आपत्ति हो तो उक्त आपत्ति आमंत्रण पत्र के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवम् वस्तुगत प्रकरणों में संबंधित के पक्ष में नियमानुसार स्वीकृति जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित करदी जावेगी

| क्र.सं. | पत्रावली संख्या / दिनांक | आवेदक का नाम मय पूर्ण पता | प्रस्तावित निर्माण स्थल का पता एवं आसा पासा — मोहल्ला गोरिसरियों की ढाणी वार्ड नं0 24, रतनगढ़ | | | | प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | | |
| 01 | LSG/RATANGARH/MUT/2025- 26/141251/- | श्री ललीत कुमार पुत्र श्री सीताराम ब्राहमण निवासी मोहल्ला गोरिसरियों की ढाणी वार्ड नं0 24, रतनगढ़ | ओंकारमल प्रजापत | लालचन्द खाती का मकान | रास्ता | संतलाल प्रजापत का मकान | 151.72 वर्गमीटर | नामान्तरण |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रतनगढ़

# आरोप लगाने की राजनीति छोड़े विपक्ष

*बिहार चुनाव में एक बड़ा अंतर गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी रणनीति से पैदा किया। चुनाव से पहले राजग कई मोर्चे पर घिरा था। जदयू और लोजपा (आर) की अदावत के बीच उन्हें पांच दलों में सीट बंटवारे का फार्मूला तलाशना था। राजग के जीतने की स्थिति में नीतीश कुमार की महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की तर्ज पर विदाई की धारणा की काट भी खोजनी थी। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह बनाए रखने के लिए भाजपा का सीएम बनने की संभावना की धारणा भी बनानी थी और उस युवा आक्रोश को संभालना था, जो रोजगार को लेकर उद्वेलित था और जिसने पिछले चुनाव में महागठबंधन को लगभग जीत की दहलीज पर ला खड़ा किया था। अमित शाह ने बिहार में लगातार डटे रह कर न सिर्फ इन चुनौतियों की काट ढूंढ़ी, बल्कि भाजपा को सबसे बड़ा दल बनाया। उन्होंने एक तरफ टिकट वितरण के बाद व्यक्तिगत स्तर पर पार्टी के बागियों को मनाया तो दूसरी ओर हर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग संवाद कर उनकी नाराजगी भी दूर की। एक बड़ी चुनौती लोजपा (आर) और नतीजे बताते हैं कि वह न केवल ऐसा करने में कामयाब रहे,*



बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग की प्रचंड जीत के बाद विपक्षी दल अपने पुराने और घिसे पिटे रुख पर कायम हैं। कुछ विपक्षी नेता तो मतदाताओं के विवेक पर ही सवाल उठा रहे हैं। चुनावों पर बेतुके सवाल उठाने का यह क्रम 2014 में केंद्र में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद से ही शुरू हो गया था। क्या राजग को बिहार में अनायास ही इतनी बड़ी जीत मिल गई? इस पहेली को सुलझाने के लिए कुछ उन परिस्थितियों पर बात करनी होगी, जिसने राजग और महागठबंधन के चुनाव लड़ने के तरीके में अंतर पैदा किया। राहुल गांधी ने बिहार में एसआइआर को निशाने पर लेते हुए वोट चोरी के खिलाफ यात्रा निकाल बड़ा सियासी माहौल खड़ा किया। तेजस्वी यादव इस यात्रा में सारथी बने। जब गठबंधन में सीट बंटवारे पर बात शुरू हुई तो राहुल गांधी विदेश चले गए। नामांकन के आखिरी दिन तक मामला नहीं सुलझा और कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट हुई। दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले जब सभी दलों के नेता विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को अंतिम संदेश देने के लिए हाथ पैर मार रहे थे, तब कांग्रेस के शीर्ष नेता की सतपुरा टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी करती तस्वीर दिखी। पहले चरण के मतदान से खराब मौसम के कारण 36 वर्षीय युवा तेजस्वी यादव अपने निवास पर आराम फरमाते दिखे। इसके उलट खराब स्वास्थ्य के आरोपों का सामना कर रहे 74 साल के नीतीश कुमार सड़क मार्ग से फुलपरास विधानसभा जाकर रोड शो किए। ऐसे में सवाल तो उठेगा ही कि मतदाता किसे गंभीरता से लें, उन्हें जो अपनी कार्यशैली से चुनाव को पर्यटन के रूप में लेते हैं या उन्हें जो चुनाव को जीवन-मरण का लक्ष्य बनाकर मैदान में उतरते हैं। बिहार चुनाव में एक बड़ा अंतर गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी रणनीति से पैदा किया। चुनाव से पहले राजग कई मोर्चे पर घिरा था। जदयू और लोजपा (आर) की अदावत के बीच उन्हें पांच दलों में सीट बंटवारे का फार्मूला तलाशना था। राजग के जीतने की स्थिति में नीतीश कुमार की महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की तर्ज पर विदाई की धारणा की काट भी खोजनी थी। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह बनाए रखने के लिए भाजपा का सीएम बनने की संभावना की धारणा भी बनानी थी और उस युवा आक्रोश को संभालना था, जो रोजगार को लेकर उद्वेलित था और जिसने पिछले चुनाव में महागठबंधन को लगभग जीत की दहलीज पर ला खड़ा किया था। अमित शाह ने बिहार में लगातार डटे रह कर न सिर्फ इन चुनौतियों की काट ढूंढ़ी, बल्कि भाजपा को सबसे बड़ा दल बनाया। उन्होंने एक तरफ टिकट वितरण के बाद व्यक्तिगत स्तर पर पार्टी के बागियों को मनाया तो दूसरी ओर हर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग संवाद कर उनकी नाराजगी भी दूर की। एक बड़ी चुनौती लोजपा (आर) और नतीजे बताते हैं कि वह न केवल ऐसा करने में कामयाब रहे, बल्कि लोजपा (आर) के साथ ही राष्ट्रीय लोकमोर्चा का वोट भी सभी सहयोगियों में स्थानांतरित कराने में सफल रहे। दिल्ली में न तो पीएम का पद और न बिहार में सीएम का पद खाली है, कहकर उन्होंने एक ही झटके में विपक्ष के सबसे बड़े हथियार को भोथरा कर डाला। विपक्ष का कोई भी नेता तथ्यपूर्ण तरीके से मतदान में कथित हेराफेरी को साबित नहीं कर पा रहा है। मतदाता सूची से 65 लाख लोगों के नाम कटने के बावजूद जनता के बीच से विरोध का स्वर नहीं उभरना साबित करता है कि एसआइआर में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। वास्तव में राजग की बड़ी जीत के पीछे उसका जमीनी स्तर पर काम करना है। राजग को पिछले चुनाव की तुलना में महागठबंधन के मुकाबले करीब नौ प्रतिशत अधिक मत मिले। चुनाव परिणामों से साफ है कि लोजपा (आर) और राष्ट्रीय लोकमोर्चा का परंपरागत वोट सभी सहयोगी दलों में स्थानांतरित हुआ। दूसरी ओर महागठबंधन पिछले बार की तरह करीब 37 प्रतिशत मत ही हासिल कर सका और वह राजग की तरह अपने लिए नया आधार वर्ग नहीं ढूंढ़ पाया। बिहार का जनादेश मतदाताओं की ओर से विपक्ष को अपने गिरेबां में झांकने का संदेश भी है। विपक्ष को समझना होगा कि महज आरोपों की राजनीति से उसका कायाकल्प नहीं होने वाला। कांग्रेस अगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशाल मशीनरी के जरिये जीत हासिल करने का दावा करती है तो यह सवाल तो पूछा ही जा सकता है कि कांग्रेस सेवा दल कहां है? चुनाव प्रचार में भारतीय जनता युवा मोर्चा, एबीवीपी, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति, जनजाति मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, किसान मोर्चा की तरह कांग्रेस की छात्र, महिला, युवा इकाई क्यों जमीन पर नजर नहीं आती? हर चुनाव में अधिसूचना जारी होने से चंद महीने पहले जागना, आरोप लगाना और नतीजे के बाद आरोपों को दोहराते हुए खुद को इंटरनेट मीडिया तक सीमित करने की राजनीति अब नहीं चलने वाली।

सम्पादकीय

## हर सर्दी वही कहानी- धुंध-धूल में घुटती दिल्ली



हर वर्ष इस मौसम में ठंड की आहट के साथ ही दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आबोहवा इस कदर प्रदूषित हो जाती है कि उसमें सभी लोगों के लिए अपनी सेहत को दुरुस्त रख पाना ही एक बड़ी चुनौती हो जाती है। मगर विडंबना यह है कि हर अगले वर्ष गहराती जा रही इस मुश्किल पर काबू पाने के ठोस उपाय करने के बजाय जैसी बहुस्तरीय लापरवाही देखी जाती है, वह इस समस्या के असर को और ज्यादा घातक बनाती है। होना यह चाहिए कि जब इन दो-तीन महीनों में वायु प्रदूषण की मुश्किल ज्यादा जटिल शक्ल अख्तियार कर लेती है, तो सबसे पहले स्कूल-कालेज या इस तरह की किसी भी जगह पर बच्चों के खेल से जुड़ी गतिविधियों को लेकर एक सुचिंतित नियम-कायदे बनाए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को प्रदूषण की मार से बचाया जा सके। मगर होता है इसके उलट कि कई बार स्कूल-कालेज से लेकर खेल के मैदानों में होने वाली गतिविधियों के लिए जो कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं, उनमें प्रदूषण से पैदा होने वाली मुश्किल के पहलू को नजरअंदाज किया जाता है। जाहिर है, यह शैक्षणिक परिसरों में खेल गतिविधियों के लिए कार्यक्रम का खाका तैयार करने में अदूरदर्शिता का परिचायक है। इसमें यह ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि जहरीली हवा के बीच बच्चे किस तरह खेलों या अन्य गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे और उनकी सेहत पर क्या असर पड़ेगा। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से कहा कि वह हवा में प्रदूषण के स्तर को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर और दिसंबर में प्रस्तावित खेल प्रतियोगिताओं को 'सुरक्षित महीनों' तक के लिए स्थगित करने का निर्देश देने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के बाद आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों को पत्र लिख कर विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए नवंबर और दिसंबर महीने में होने वाली शारीरिक मेहनत और खेल प्रतियोगिताओं को स्थगित करने को कहा है। पिछले कुछ वर्षों से देश के कई हिस्सों में ठंड की शुरुआत के साथ ही बादलों के घनीभूत होने की वजह से वायु प्रदूषण की समस्या जटिल हो जाती है। खासतौर पर दिल्ली सहित समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हालत यह हो जाती है कि लोगों के सामने कहीं भी साफ हवा में सांस ले पाना चुनौती होती है। कई बार ऐसा लगता है मानो दिल्ली किसी गैस चेंबर की तरह हो गई है। इस मसले पर अदालतें कई बार सख्त रुख दर्शा चुकी हैं। मगर अब भी ऐसा लगता है कि संबंधित सरकारी महकमे प्रदूषण की गहराती समस्या के मद्देनजर स्कूल-कालेज आदि जगहों पर खेल प्रतियोगिताओं या बच्चों की शारीरिक मेहनत वाली गतिविधियों का समय टालना जरूरी नहीं समझते। यह स्पष्ट रूप से अदूरदर्शिता है, क्योंकि इन महीनों में दिल्ली-एनसीआर के समूचे इलाके में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' की श्रेणी में पहुंच जाता है। इसका नतीजा जगजाहिर रहा है कि गहराते प्रदूषण के बीच आम लोगों और खासतौर पर स्कूली बच्चों और किशोरों को एक तरह की सेहत की जंग लड़नी पड़ती है। यह केवल दिल्ली की समस्या नहीं है।

## मजहबी कट्टरता का घना होता साया



दिल्ली में लाल किले के निकट आतंकी हमले को एक डॉक्टर की ओर से अंजाम दिए जाने के बाद मुस्लिम समाज में बढ़ रही कट्टरता को लेकर नए सिरे से चर्चा चल निकली है। इसलिए और भी, क्योंकि आतंकी हमले करने वाले डॉक्टर के कई साथी भी डाक्टर ही निकले हैं। पढ़े-लिखे मुस्लिम युवाओं का आतंक की राह पर चलना पिछले कुछ वर्षों में मुसलमानों के सामाजिक तानेबाने में आए परिवर्तन का नतीजा है। प्रतिबंधित जाकिर नाइक और इस जैसे कट्टरपंथी तत्वों के बढ़ते प्रभाव ने न केवल मुस्लिम युवाओं के मजहबी व्यवहार, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को भी प्रभावित किया है। भारतीय रीति-रिवाजों का विरोध, बुर्के और नकाब के चलन पर जोर, शरीयत आधारित जीवनशैली की वकालत और स्थानीय परंपराओं को गैर-इस्लामी बताने की प्रवृत्ति ने भारतीय मुसलमानों के भीतर एक नई तरह का सोच पैदा की है। कभी होली-दीवाली मनाने, मिलजुल कर रहने, संगीत, नृत्य आदि कलाओं में रूचि दिखाने वाले अनेक मुस्लिम अब धीरे-धीरे एक बंद घेरे में सिमटते जा रहे हैं। लगता है अरबीकरण की प्रक्रिया चुपचाप भारतीय इस्लाम के आत्मा को बदल रही है। यह प्रवृत्ति नई नहीं, लेकिन हाल के वर्षों में इसे संगठित और वैचारिक रूप से मजबूत किया गया है। 'बैक टू ओरिजिंस' यानी इस्लाम के प्रारंभिक स्वरूप की ओर लौटने का नारा मूल रूप से सामाजिक सुधार का प्रतीक था, पर अब कट्टरपंथी तत्वों ने इसे अलग सांस्कृतिक पहचान के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। पहनावा, भाषा और सामाजिक आचरण तक को मजहबी सीमा में बांध देने से एक ऐसा चिंतन उभर रहा है, जो भारतीय इस्लाम की मिश्रित, सूफी और मानवीय परंपरा से टकराती है। नतीजा यह है कि आज मुस्लिम समाज के भीतर ही उदार और कट्टरपंथी धाराओं का संघर्ष गहराता जा रहा है। इस्लाम जब भारत आया, तब उसने यहां की मिट्टी के साथ संवाद स्थापित किया और भारतीय संस्कृति को आत्मसात किया। इसमें सूफियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने इस्लाम को प्रेम, करुणा और आत्मीयता के माध्यम से स्थानीय जीवन में समाहित किया। कट्टरपंथी इस्लामिक तत्व इसे हजम नहीं कर पा रहे कि सूफीवाद और हिंदू दर्शन के बीच की समानताएं गहन और प्रभावशाली हैं। इसका उदाहरण मंसूर अल-हिल्लाज का उद्घोष 'अन-अल-हक' (मैं सत्य हूं) है। यह उपनिषदों के महावाक्य 'अहं ब्रह्मास्मि' (मैं ब्रह्म हूं) से प्रतिध्वनित होता है। भारत के अधिकांश मुसलमानों के पूर्वज हिंदू ही थे, जिनका मतांतरण ऐतिहासिक-सामाजिक कारणों से हुआ। उनकी नसों में वही भारतीय रक्त प्रवाहित है, जिसने इस भूमि की विविधता और सहिष्णुता को पोषित किया। उनकी संस्कृति, रीतियां और सामाजिक मूल्य सदैव भारतीय जीवन पद्धति से जुड़े रहे, केवल उपासना पद्धति में अंतर आया, परंतु अब एक संगठित प्रयास के तहत उन्हें अपनी इस भारतीय जड़ों से काटकर विदेशी, विशेषकर अरब संस्कृति से जोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। अब अनेक मौलवी सऊदी शेखों की तरह का पहनावा अपनाते हैं, सिर पर कैफीया बांधकर और अरब लहजे में बोलकर यह संकेत देते हैं कि सच्चा मुसलमान वही है, जो अरब जैसा दिखे। यह प्रवृत्ति एक योजनाबद्ध सांस्कृतिक अलगाव का प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में दावा कार्यक्रमों के माध्यम से मतांतरण और सांस्कृतिक अलगाव की कई घटनाएं सामने आई हैं। कट्टरपंथी विचारों के प्रसार का सबसे गंभीर और दुखद प्रभाव मुस्लिम समाज की महिलाओं और बच्चों पर पड़ा है। समाज के एक हिस्से में महिलाओं के प्रति असमानता और दमन को मजहब का रूप दे दिया गया है। दीन-ईमान के नाम पर महिलाओं का ब्रेनवाश करके अलग तरह के नकाब और बुर्के के चलन को 'मजहब का अनिवार्य हिस्सा' बताया जा रहा है। परिणाम यह है कि अनेक मुस्लिम महिलाएं भी इस कट्टरता की वाहक बन गई हैं। वे साझा संस्कृति से दूर होती जा रही हैं। चिंताजनक यह है कि वे अपने पर हो रहे अत्याचार को दीन का फर्ज मानकर चुपचाप सह लेती हैं। यह एक गहरी सामाजिक त्रासदी है, जहां मजहबी शिक्षा के नाम पर महिला अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इसका प्रभाव मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में प्रत्यक्ष दिखाई देता है। अब बाजारों में महिलाओं का पहनावा और सामाजिक व्यवहार किसी पिछड़े अफगान कस्बे जैसा प्रतीत होता है। मुस्लिम इलाकों की सामाजिक संरचना में स्त्रियों की स्वतंत्र उपस्थिति लगभग समाप्त सी हो चुकी है। यह केवल मजहबी कट्टरता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पतन का संकेत है।

## दुबई में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना

**स्पष्ट है कि ऐसे मंच पर तेजस का दुर्घटनाग्रस्त होना कहीं अधिक दुर्भाग्य की बात है, लेकिन इसे स्वदेशी लड़ाकू विमान परियोजना के लिए किसी तरह के आघात की संज्ञा देना उचित नहीं होगा, क्योंकि कोई ऐसा लड़ाकू विमान नहीं, जो दुर्घटना से दो-चार न होता हो। अति उन्नत माने जाने वाले लड़ाकू विमान भी दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। तथ्य यह भी है कि किसी एयर शो में लड़ाकू विमान के साथ पेश आने वाला यह पहला हादसा नहीं। इसी अगस्त में पोलैंड में आयोजित एयर शो में अमेरिकी लड़ाकू विमान...**



दुबई एयर शो में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस का दुर्घटनाग्रस्त होना इसलिए और अधिक दुखद है, क्योंकि इसमें पायलट की जान भी चली गई। लड़ाकू विमानों के पायलट इसलिए कहीं अधिक कीमती होते हैं, क्योंकि वे गहन प्रशिक्षण के बाद तैयार होते हैं। उनके न रहने से देश कुशल सैनिक के साथ उनकी ओर से अर्जित की गई क्षमता से भी वंचित हो जाता है। हवाई करतब के जरिये अपनी क्षमता प्रदर्शित कर रहा तेजस ऐसे समय दुर्घटना का शिकार हुआ, जब वह दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा था। दुबई एयर शो में विमानन क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों की भागीदारी होती है। यह शो एयरोस्पेस उद्योग के लिए एक ऐसा मंच बन गया है, जहां विमानों की खरीद-बिक्री के सौदे होते हैं। स्पष्ट है कि ऐसे मंच पर तेजस का दुर्घटनाग्रस्त होना कहीं अधिक दुर्भाग्य की बात है, लेकिन इसे स्वदेशी लड़ाकू विमान परियोजना के लिए किसी तरह के आघात की संज्ञा देना उचित नहीं होगा, क्योंकि कोई ऐसा लड़ाकू विमान नहीं, जो दुर्घटना से दो-चार न होता हो। अति उन्नत माने जाने वाले लड़ाकू विमान भी दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। तथ्य यह भी है कि किसी एयर शो में लड़ाकू विमान के साथ पेश आने वाला यह पहला हादसा नहीं। इसी अगस्त में पोलैंड में आयोजित एयर शो में अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 हवाई करतब दिखाते हुए ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके पहले भी कई एफ-16 विमान दुर्घटना का शिकार हुए हैं। इसकी तुलना में नौ वर्ष पहले भारतीय वायुसेना में शामिल किए गए तेजस के साथ पेश आया यह दूसरा हादसा है। चूंकि तेजस अपनी क्षमता सिद्ध कर चुका है, इसीलिए वायुसेना ने उसकी खरीद के बड़े आर्डर दिए हैं। तेजस के चलते भारत की गिनती उन चंद देशों में होने लगी है, जिन्होंने अपने लड़ाकू विमान का निर्माण खुद किया है। वायुसेना ने तेजस के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट आफ इन्क्वायरी का जो आदेश दिया, उसके निष्कर्षों को लेकर इस लड़ाकू विमान का निर्माण करने वाली कंपनी एचएएल को भी सजग रहना चाहिए। इस हादसे को एक चुनौती मानकर उससे पार पाने का संकल्प लिया जाना चाहिए। भारत पहले भी इस तरह की चुनौतियों से पार पा चुका है। जितना आवश्यक यह है कि पर्याप्त संख्या में तेजस लड़ाकू विमान समय रहते तैयार किए जाएं, उतना ही यह भी कि उन्हें और अधिक उन्नत एवं समर्थ बनाने को प्राथमिकता दी जाए। यह कोशिश खास तौर पर होनी चाहिए कि इस लड़ाकू विमान के अधिकाधिक उपकरण स्वदेशी ही हों।

## झुंझुनूं में रेलवे स्टेशन से बाइक चोरीः कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी झुंझुनूं शहर में रेलवे स्टेशन से एक बाइक चोरी हो गई। पीड़ित द्वारा सीसीटीवी फुटेज तलाशने और पुलिस में शिकायत देने के बाद अब मामला दर्ज किया है। देरवाला निवासी मुकेश कुमार मीणा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी बाइक से किसी निजी काम से शहर आया था। दोपहर करीब तीन बजे वह रेलवे स्टेशन के सामने कुछ सामान लेने रुका। जब सामान लेकर वापस लौटा तो उसकी बाइक वहां नहीं थी। पहले उसे लगा कि शायद आसपास खड़ी होगी, लेकिन काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी बाइक नहीं मिली। इसके बाद उसने पास लगे कैमरों की जांच की, जिसमें एक अज्ञात युवक उसकी बाइक ले जाता हुआ दिखाई दिया। पीड़ित के अनुसार चोरी हुई बाइक हीरो डीलक्स मॉडल की है। रिपोर्ट में उसने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली। फुटेज में दिख रहा है कि युवक बिना किसी हड़बड़ी के बाइक को आसानी से स्टार्ट करके ले जाता है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं आरोपी किसी गैंग से जुड़ा तो नहीं है, क्योंकि शहर में पिछले कुछ महीनों से बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं।

## श्री ऋषि कुल बी.एड कॉलेज में प्रतिभा परिचय कार्यक्रम का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** श्री ऋषि कुल विद्यापीठ के श्री ऋषि कुल बी.एड कॉलेज में शनिवार को नव-प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के स्वागत हेतु बी.एड प्रतिभा परिचय कार्यक्रम 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रथम व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह, उमंग और जोश के साथ भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मणगढ़ उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, राजकीय महाविद्यालय मलसीसर की एसोसिएट प्रोफेसर पूनम शर्मा, पूर्व एमिटी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर की शैक्षणिक परामर्शदाता दीपशिखा अय्यर तथा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा मंचासीन रहीं।प्रशिक्षणार्थियों ने संगीत, नृत्य, रैंप वॉक तथा विभिन्न गेम्स प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस फ्रेशर चयन रहा, जिसमें एस. मोहम्मद को मिस्टर फ्रेशर तथा पायल ढाका को मिस फ्रेशर घोषित किया गया।मुख्य अतिथि मोहर सिंह मीणा ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। अन्य अतिथियों ने भी शिक्षण प्रशिक्षण को जीवन निर्माण का महत्वपूर्ण चरण बताते हुए विद्यार्थियों से अपने कौशल को निखारने और निरंतर प्रयासरत रहने का आग्रह किया।कार्यक्रम का सफल संचालन द्वितीय वर्ष की छात्राएँ वर्धा वर्मा और हंसा कुमावत ने किया। अंत में प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में डॉ. मीना रोहिल, मंजू तिवाड़ी, डॉ. डिंपल जोशी, बनवारीलाल मिल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## विफा राष्ट्रीय संयोजक ओझा व आइएस कौशल राज शर्मा का किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मंडावा स्थित एक निजी रिसॉर्ट मे विप्र फाउंडेशन जिला इकाई आयोजित सम्मान समारोह में वीफा संरक्षक सज्जन मिश्रा अध्यक्षता में जिला अध्यक्ष कमलकांत शर्मा व जिला संयोजक उमाशंकर महमिया। अगवाई में राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरूजी, सीनियर आइएस दिल्ली जल बोर्ड के निर्देशक कौशलराज शर्मा, सेवाधाम उज्जैन के संचालक सुधीर भाई, विशाखापटनम के उद्योगपति अनिल जोशी, व इंदौर के उद्योगपति अशोक जोशी का स्वागत, सम्मान किया गया ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष अरविंद पारीक ने बताया की अतिथियों का स्वागत सम्मान माला, दुपट्टा साफा पहनाकर भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ओझा ने कहा विफा के पदाधिकारियों द्वारा। समाज में सुचिता, सेवा, समर्पण ,सक्रियता के भाव से किया जा रहा है। इस अवसर पर विफा जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, जिला महामंत्री वशिष्ठ कुमार शर्मा, तहसील अध्यक्ष डॉ राधा रमण शर्मा,अनिल जोशी, मंत्री किशोर थलिया, सुनील जोशी आदि ने उनका स्वागत सम्मान किया ।

# रोडवेज डिपो से 50 मीटर दूर लाखों की चोरीः लक्ष्मी ज्वेलर्स में अलसुबह बड़ी वारदात, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं शहर में शनिवार को तड़के बड़ी चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। रोडवेज बस डिपो के पास स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स की दुकान में चोरों ने अलसुबह करीब ढाई बजे धावा बोला और करीब दो घंटे तक आराम से दुकान में ज्वेलरी समेटते रहे। सीसीटीवी फुटेज में तीन से चार चोर साफ दिखाई दे रहे हैं, जो योजना बनाकर दुकान में घुसे और लगभग 15 लाख रुपए की ज्वेलरी चोरी कर गाड़ी में डालकर फरार हो गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह वारदात रोडवेज बस डिपो चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई, जहां पुलिस की लगातार आवाजाही रहती है। दुकान मालिक विकास कुमार सोनी ने कोतवाली पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि घटना अलसुबह करीब 2 बजकर 20 मिनट पर शुरू हुई।सीसीटीवी फुटेज के अनुसार चोर बेहद सहज तरीके से दुकान में दाखिल हुए, भीतर जाकर शटर और अलमारियों की तलाशी ली और जो भी ज्वेलरी हाथ लगी, उसे बैग में भरते गए। करीब 4 बजकर 39 मिनट पर चोरों ने सारा सामान गाड़ी में लादा और कुछ ही पलों में घटनास्थल से गायब हो गए। पूरी वारदात लगभग दो घंटे तक चली, लेकिन आसपास किसी को भनक तक नहीं लगी। दुकान से 30 जोड़ी पायजेब, लगभग 700 ग्राम चांदी के बर्तन, 2260 ग्राम चांदी के सिक्के, चार डबी चांदी की अंगूठियां (करीब 800 ग्राम), एक चांदी हमेल, गोल्ड पॉलिश वाला चोकर (70 ग्राम), दो चांदी की चेन, 350 ग्राम चांदी का फैंसी सामान और 12 ग्राम सोने का काटा डब्बा चोर ले गए। दुकान मालिक के अनुसार यह सारा सामान नए स्टॉक का हिस्सा था, क्योंकि दुकान अभी हाल ही में–17 अक्टूबर को ही शुरू की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। थानाधिकारी श्रवण कुमार नील ने बताया कि मामले में टीम को भी मौके पर बुलाया गया था, जिसने दुकान के अंदर से आवश्यक सैंपल और फिंगरप्रिंट सहित अन्य सबूत एकत्र किए हैं। पुलिस ने आस-पास के सभी सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए हैं, ताकि चोरों की गाड़ी और उनके आने-जाने के रास्ते का पता लगाया जा सके। थानाधिकारी ने कहा कि फुटेज स्पष्ट है और चोरों की गतिविधियों की टाइमलाइन भी सामने आ चुकी है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। झुंझुनूं के रोडवेज डिपो क्षेत्र में हमेशा भीड़-भाड़ रहती है, लेकिन रात के समय कुछ हिस्सों में सन्नाटा होता है। चोरों ने इसी का फायदा उठाया। दुकान मालिक विकास सोनी ने बताया कि दुकान नई होने के कारण अभी पूरी तरह सुरक्षा इंतजाम भी नहीं हो पाए थे। हालांकि शुरुआती सुरक्षा उपकरण लगाए गए थे, पर चोर उन्हें आसानी से पार कर गए। परिवार ने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अब चोरों की गाड़ी की नंबर प्लेट और मॉडल की पहचान पर जोर दे रही है। टीम शहर की सभी एंट्री और एक्जिट पॉइंट के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है कोतवाल का कहना है कि तकनीकी इनपुट, सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक जांच के आधार पर जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा।

## श्रीमती गोमती देवी शिक्षण संस्थान में भव्य रोज़गार मेले का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निसं.) बड़ागांव** श्रीमती गोमती देवी पीजी महाविद्यालय बड़ागांव झुंझुनूं में राष्ट्रीय सेवा योजना के एकदिवसीय शिविर में दिनांक 22/11/2025 को मणिपाल एकेडमी, बेंगलुरू तथा एक्सिस बैंक के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें शुभ शिक्षा की फाउंडर तथा सी ई ओ डोली झा, बिज़नेस एसोसिएट अनीता सेन, एवं मणिपाल एकेडमी, बेंगलुरू के स्टेट हेड मिथिलेश कुमार एवं बिजनेस एसोसिएट योगेश शर्मा उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक डॉ. सी. एल. शर्मा, प्राचार्या डॉ. निधि शेखावत तथा अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । गोमती देवी शिक्षण स्थान के स्टाफ सदस्यों द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ, माल्यार्पण से स्वागत किया । डॉ सी एल शर्मा ने मणिपाल एकेडमी और एक्सिस बैंक का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के समक्ष रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध करवाना सर्वांगीण विकास का सूचक है इस प्रकार के कार्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 के लिए बहुत महत्व पूर्ण हैं। सी ई ओ डोली झा ने बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के लिए विस्तार से जानकारी दी । अनिता सेन, मिथिलेश कुमार ,योगेश शर्मा ने रोजगारपरक शिक्षा और युवाओं का सुखद भविष्य विषय पर विचार व्यक्त किए।इस कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र/ छात्राओ , स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम की जानकारी का लाभ लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राकेश शर्मा, प्रियंका तानेनिया , प्रवक्ता डॉ परमानंद शर्मा , राजेश कुमार , हवा सिंह, हेमंत शर्मा,नवीन कुमार , कीर्ति शर्मा, उमा, डॉ सुशीला , रविंद्र शर्मा, रविन्द्र झाझडिया, राकेश गुर्जर सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे द्य प्राचार्य डॉ निधि शेखवात ने आभार और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आए हुए सभी सदस्यों से निवेदन किया कि ऐसे कार्यक्रम हमारे महाविद्यालय में करते रहें जिससे ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को आगे आने के समुचित अवसर प्राप्त होते रहें। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता सुभाष जांगिड़ ने किया ।

## 1400 से अधिक मतदाताओं वाले बूथ लेवल अधिकारियों ने किया एसआईआर का शत-प्रतिशत कार्य

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं के 4 बूथ लेवल अधिकारियों ने परिगणना अवधि की प्रारम्भिक चरण में ही गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य किया । न्यूनतम समय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार आर्य व उपखण्ड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र एवं इनाम भेंट कर सम्मानित किया गया । इस कार्य में प्रथम स्थान पर भाग संख्या 236 के अमित कुमार कड़वासरा, अध्यापक, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय श्यामपुरा चारणवास रहे। द्वितीय स्थान पर भाग संख्या 98 के सुनील कुमार, कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत इस्लामपुर, जबकि तृतीय स्थान पर भाग संख्या 233 के बसंत लाल, अध्यापक, शहीद विनोद कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पातुसरी रहे। चतुर्थ स्थान पर भाग संख्या 151 के सुरेन्द्र सिंह काजला, अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिडासन रहे। इन सभी बीएलओ ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि अपने-अपने क्षेत्र में युवाओं एवं सक्रिय मतदाताओं के समूह बनाकर सहयोग लिया गया, जिससे कार्य सुगमता एवं सटीकता से पूर्ण हो सका। झुंझुनू शहर में एसआईआर हेल्पडेस्क स्थापित, मतदाताओं को मिल रही त्वरित सहायता एसडीएम कौशल्या बिश्नोई ने झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से आग्रह किया गया कि बीएलओ द्वारा दिए गए परिगणना प्रपत्रों में फोटो चिपकाकर शीघ्र जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य स्थानों पर एसआईआर हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं, जहां ईएफ जमा करवाया जा सकता है। हेल्पडेस्क बाकरा फाटक के पास झुंझुनू, इंडियन स्कूल के पास, रीको झुंझुनू, बालाजी मंदिर डिफेंस स्कूल के पास, सलीम चौहान गली, पीरूसिंह विद्यालय झुंझुनू, किसान द्वार के पास भिकाजी स्कूल, खटीक गेस्ट हाउस लाल कुआं, राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय झुंझुनू, अजाड़ी कॉलोनी, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, संस्कृत स्कूल बसंत विहार, लाल बहादुर शास्त्री पार्क, हालिमा मस्जिद वार्ड नं. 02, डिस्पेंसरी के पास मदरसा खौरा मोहल्ला, आंगनबाड़ी खत्रियान मोहल्ला, रहमान प्रिंटर्स पीपली चौक, तिलक पब्लिक स्कूल के पास, नेतराम कॉलेज तथा पीरजादा मस्जिद के पास सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हैं।

## *शादियों के सीजन में बढ़े सब्जियों के दामः मटर 200 रुपए बिक रहा है, मिर्ची के भाव भी 125 रुपए प्रतिकिलो*

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं जिले में सब्जियों की मांग अचानक बढ़ गई है। साथ ही ठंड का असर फसलों पर पड़ने से खेतों से आवक भी कम हुई है। दरअसल, नवंबर में शादी-ब्याह का सीजन शुरू हो गया है, और इसका पहला असर सीधे-सीधे रसोई पर देखने को मिल रहा है। सब्जियों के दामों में 30-60' तक की बढ़ोतरी कर दी है। कई सब्जियां तो 100 रुपए प्रति किलो का आंकड़ा पार कर चुकी हैं, जिससे आम परिवारों का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सामान्य दिनों में 80 से 100 रुपए किलो तक मिलने वाली मटर वर्तमान में 200 से 225 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसी तरह हरी मिर्च का दाम 100 से 125 रुपए किलो के बीच बना हुआ है। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि इस बार शादियों की संख्या ज्यादा होने से मांग अचानक बढ़ी है, जबकि ठंड की वजह से नई फसल देर से आ रही है। यही कारण है कि बाजार में दामों में इतनी तेज उछाल दिखाई दे रही है। सब्जियों के बढ़े दामों ने गृहिणियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रसोई चलाने वाली महिलाओं के लिए रोजाना की खरीदारी पहले से दोगुनी महंगी हो गई है। कई घरों में अब सब्जियों का चयन बदल गया है। महंगी सब्जियों की जगह लोग अब आलू, परवल और लौकी जैसी अपेक्षाकृत सस्ती सब्जियों पर ज्यादा निर्भर हो रहे हैं। सब्जी विक्रेता विष्णु सैनी बताते हैं कि शादियों के चलते मंडी में मांग अचानक बढ़ गई है, जबकि खेतों से आने वाली आवक काफी कम है। मौसम की अनिश्चितता और ठंड बढ़ने के कारण कई सब्जियों की नई फसल आने में देरी हो रही है, जिससे सप्लाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि अगर मौसम सामान्य रहा और खेतों से आवक बढ़ी तो अगले दो हफ्तों में 20 से 30 प्रतिशत तक दामों में कमी आने की संभावना है। कई सब्जियां सौ रुपए किलो पार, आवक कम और मांग बढ़ी, रसोई का बजट बिगड़ा, व्यापारियों ने बताया असल वजह। वहीं, सब्जी व्यापारी शीशराम का कहना है कि इस साल शादी वाले परिवार बड़ी मात्रा में बिना मोलभाव सब्जियां खरीद रहे हैं। एक शादी में केवल मटर ही 10-20 किलो तक लग जाती है। टमाटर और भिंडी जैसी सब्जियां भी बड़ी मात्रा में खरीदी जाती हैं। जब जिले में एक साथ सैकड़ों शादियां हो रही हों तो खपत का स्तर अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। यही अचानक बढ़ी खपत बाजार को असंतुलित कर रही है और दामों को लगातार ऊपर धकेल रही है।

### 30 दिवस चलेगा Consumer s Voice न्यायोत्सव

## 1 लाख से अधिक उपभोक्ता लेंगे ऑनलाईन जागरुकता शपथ

### ऑनलाईन ही मिलेगा शपथ का प्रमाण-पत्र

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा 24 नवंबर से आगामी राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस यानी 24 दिसंबर तक 30 दिवस में Consumers Voice न्यायोत्सव के तहत 1 लाख से अधिक लोगों को उपभोक्ता जागरुकता की ऑनलाईन शपथ दिलवाई जाएगी। इसके लिए लिंक सोमवार को जारी किया जाएगा। उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने ये नवाचार जिले में हर खरीद पर बिल लेने, खरीदी गई सामग्री मानकों के अनुरूप होने की जांच करने की जागरुकता, सेवादोष या उपभोक्ता के साथ अनुचित व्यापार व्यवहार होने पर जिला आयोग से न्याय व प्रतितोष पाने आदि की जागरुकता आमजन में व्यापक स्तर पर पैदा करने के लिए किया जा रहा है। इससे टैक्स चोरी पर भी लगाम कसी जा सकेगी। जिला प्रशासन के भी विभिन्न विभाग, अधिवक्तागण व विद्यार्थी भी इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। ऑनलाईन शपथ के बाद प्रमाण-पत्र भी ऑनलाईन जारी किए जाएंगे। ऑनलाईन शपथ स्वेच्छा से उपभोक्ताओं द्वारा ली जाएगी, ताकि आमजन में स्वतः जागरुकता आए। इसके अलावा भी न्यायोत्सव के तहत रंगोली प्रतियोगिता, संगोष्ठी, सम्मान समारोह आदि कार्यक्रम आगामी 30 दिवस में आयोजित किए जाएंगे। उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम एकमात्र ऐसा कानून है जिसके दायरे में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति से लेकर देश के प्रथम नागरिक के रूप में महामहिम राष्ट्रपति भी शामिल है। यहां तक कि विदेशी नागरिक भी यदि भारत में खरीद करते हैं, तो इसका लाभ ले सकते हैं। इसे 24 दिसंबर 1986 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर लागू किया गया था, जिसे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में और सशक्त बनाया है। अधिनियम के तहत प्रकरणों के निस्तारण की समयबद्धता तय की गई है। त्वरित न्याय के सिद्धांत को अपनाते हुए 3 महीने में आवश्यक रूप से निस्तारित करने का प्रावधान किया गया है। विशेष जांच लंबित होने पर अथवा विधि के अनुसार किसी कारणवश 5 माह अथवा शीघ्रताशीघ्र निस्तारित किया जाता है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की है।

## बिसाऊ में प्लास्टिक की थैली में लिपटा नवजात मिलाः श्मशान घाट के पास छोड़कर फरार

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनू जिले के बिसाऊ कस्बे में शनिवार भीखनसर सड़क मार्ग पर स्थित श्मशान घाट के पास गंदे पानी के किनारे एक नवजात शिशु प्लास्टिक की थैली में लिपटा हुआ पड़ा मिला। कुछ ही घंटे पूर्व जन्मे इस मासूम की हल्की रोने की आवाज ने उसकी जिंदगी बचा ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल ले जाया गया। यहां से झुंझुनूं के BDK अस्पताल में रैफर कर दिया गया। राजकीय बीडीके अस्पताल की नवजात शिशु इकाई में भर्ती किया गया है। PMO डॉ. भाम्बू ने बताया कि नवजात शिशु का वजन 2.5 किलोग्राम है। उसके शरीर के तापमान में हल्की कमी दर्ज की गई है, हालांकि, सांस की गति सामान्य है। चिकित्सकों के अनुसार, शिशु का जन्म लगभग 12 से 48 घंटे पहले हुआ प्रतीत होता है।गंभीरता को देखते हुए नवजात को तत्काल आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहां स्टाफ, रेजीडेंट डॉक्टर्स और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निरंतर उपचार जारी है। नवजात शिशु इकाई के प्रभारी डॉ. विजय झाझड़िया ने बताया कि नवजात शिशु की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बच्चे की दुग्धपान करने की क्षमता सही है और आंत्र परिपक्व होने के कारण उसे प्रति दो घंटे के अंतराल पर फीड देना शुरू कर दिया गया है। घटना सुबह करीब 10 बजे की है, जब बिसाऊ निवासी मदनलाल पुत्र तेजाराम और आसपास के कुछ लोग वहां से गुजर रहे थे। अचानक उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में लिपटा हुआ नवजात हरे रंग के कपड़े में सिमटा पड़ा है। आस-पास गंदगी और पानी था, लेकिन बच्चा जीवित अवस्था में था। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मदनलाल और अन्य लोगों ने बच्चे के पास खड़े होकर उसे सुरक्षित रखने की कोशिश की, ताकि किसी जानवर या अन्य खतरे से उसे नुकसान न पहुंचे। सूचना मिलते ही बिसाऊ थानाधिकारी महेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह व टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बिना समय गंवाए बच्चे को प्लास्टिक की थैली से बाहर निकालकर सुरक्षित गोद में लिया और तुरंत बिसाऊ के जटिया अस्पताल पहुंचाया। बिसाऊ के जटिया अस्पताल में डॉ. निधि ने नवजात का तुरंत प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे का शरीर ठंडा हो चुका था और जन्म के तुरंत बाद देखभाल नहीं मिलने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया था। समय रहते अस्पताल पहुंचने से बच्चे की स्थिति को स्थिर करने में मदद मिली।

## लक्ष्मणगढ़ शिव धाम मंदिर में चोरी, दान पात्र का कांच तोड़कर हज़ारों की नकदी ले गया चोर

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लक्ष्मणगढ़ के वॉर्ड नंबर-9 स्थित श्री शिव धाम मंदिर में शनिवार दोपहर में चोरी की वारदात सामने आई। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर में बालाजी मंदिर के दरवाजे के पास लगे दान पात्र का कांच तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली। मंदिर के पुजारी विनोद शर्मा ने बताया कि वे सुबह की पूजा के बाद करीब 11 बजे मंदिर के पट बंद कर घर चले गए थे। दोपहर लगभग 4 बजे जब भक्त पूर्णमल राकसिया मंदिर पहुंचे तो दान पात्र का कांच टूटा मिला और घटना की जानकारी हुई। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई और पुलिस को भी अवगत कराया गया। पुजारी के अनुसार दान पात्र में लगभग पाँच हज़ार रुपये थे। सूचना पर लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घटना स्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।





## राम माधवानी की स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर श्रॉफ की एंट्री

टाइगर श्रॉफ ने अपने एक्शन से इंडस्ट्री में अलग छाप छोड़ी है। उनका यह हुनर उनकी फिल्मों में भी नजर आता है। टाइगर ने बागी फ्रेंजाइजी, हीरोपंती और वॉर के साथ एक्शन का एक एंपायर बनाया है। अब वे एक कदम और आगे बढ़ते हुए एक्शन में नया धमाल करते दिखेंगे। दरअसल, राम माधवानी की आगामी स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर लीड रोल अदा करने वाले हैं, जिसमें उनका धांसू एक्शन अवतार देखने को मिलेगा।

### पारंपरिक एक्शन फिल्मों से अलग होगी यह फिल्म

टाइगर श्रॉफ ने निर्माता-निर्देशक राम माधवानी की आगामी फिल्म साइन की है। यह स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में टाइगर को एक ऐसे अवतार में देखा जाएगा, जैसे वे पहले कभी नजर नहीं आए। महावीर जैन फिल्म्स और राम माधवानी फिल्म्स द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जाएगा। यह बॉलीवुड की पारंपरिक एक्शन फिल्मों से एक कदम आगे साबित होगी।

### जापान में होगी शूटिंग

राम माधवानी की यह फिल्म सिर्फ भारतीयों को ही नहीं, बल्कि वैश्विक दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर इस फिल्म के लिए तैयारी में जुट गए हैं। कहा जा रहा है कि इसके प्रोडक्शन का एक बड़ा हिस्सा जापान में शूट किया जाएगा।

### बाकी स्टारकास्ट के नाम फाइनल होने बाकी

फिलहाल टाइगर पहले अभिनेता हैं, जो इस फिल्म का हिस्सा बने हैं। फिल्म के लिए फीमेल लीड और नेगेटिव रोल निभाने के लिए एक्टर की तलाश जारी है। इसके अलावा अन्य सपोर्टिव रोल के लिए भी कास्ट फाइनल होनी बाकी है। टाइगर इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिलहाल राम माधवानी और महावीर जैन, दोनों अपनी-अपनी टीमों के साथ फिल्म के पहले लुक पर काम कर रहे हैं, जिसे आधिकारिक घोषणा के साथ जल्द ही रिवील किए जाने की उम्मीद है।



## राशा थडानी की लगी लॉटरी

# महेश बाबू के भतीजे संग इश्क फरमाएंगी

**रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने आजाद फिल्म से डेब्यू किया था और अब उन्हें तेलुगू फिल्म मिल गई है। महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के ऑपोसिट उन्हें साइन किया गया है। राशा ने अपना पोस्टर भी शेयर कर दिया है जिसे देख फैंस की एक्साइटमेंट चरम पर है।**




इस साल की शुरुआत में बॉलीवुड अदाकारा रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपना सफर शुरू किया। उन्होंने अभिषेक कपूर की फिल्म आजाद से अजय देवगन और उनके भांजे अमन देवगन के साथ एक्टिंग की शुरुआत की। अपने प्यारे हाव-भाव, दमदार डायलॉग डिलीवरी और उई अम्मा गाने पर अपने कातिलाना अंदाज के लिए राशा जल्द ही सेंसेशन बन गई। हाल ही में, वह मुंज्या फेम अभय वर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म लइकी लइका की शूटिंग में व्यस्त हैं। और अब सोमवार की सुबह ही राशा ने अपने तेलुगू डेब्यू की घोषणा की, जिसमें वह सुपरस्टार महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

### राशा थडानी को मिली तेलुगू फिल्म

राशा थडानी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी पहली तेलुगू फिल्म की घोषणा की, जिसका टाइटल फिलहाल ञ्क्ष रखा गया है। वह फिल्ममेकर अजय भूपति के साथ काम करेंगी, जिन्होंने ऋङ्क 100 (2018) का भी निर्देशन किया था। यह फिल्म महेश बाबू के भतीजे जय कृष्णा घट्टामनेनी के साथ होगी। जय कृष्णा दिवंगत एक्टर रमेश बाबू के बेटे और दिग्गज अभिनेता कृष्णा के पोते हैं।

## अदिति पोहनकर ने बॉबी देओल के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया

अभिनेत्री अदिति पोहनकर वेब सीरीज आश्रम में बॉबी देओल के साथ मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने अभिनेता के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया है। अदिति पोहनकर ने बताया, 'मुझे नहीं पता कि मैं कैसे कहूं कि मुझे अब बॉबी सर की याद आती है। आश्रम में काम करना अद्भुत था। मेरा मतलब है, वह बहुत अच्छे इंसान और अभिनेता हैं। उन्होंने आगे कहा, 'लगभग तीन साल तक हम सबने साथ में शूटिंग की है। बॉबी सर एक बहुत ही अच्छे और सच्चे इंसान और अभिनेता हैं। मुझे लगता है कि अब वह इस बात को और भी ज्यादा एक्सप्लोर कर रहे हैं।' अभिनेत्री ने आगे बातचीत में कहा, 'एक एक्टर के रूप में, आप बस यही करना चाहते हैं। आप एक ऐसी स्क्रिप्ट चाहते हैं जो कई रंग, कई परतें दिखा सके। मुझे लगता है कि आश्रम से आगे बढ़ने और जिद्दी इश्क जैसी चीज पाने की जरूरत थी। मुझे लगता है यह कुछ ऐसा था, जिसका मैं इंतजार कर रही थी, क्योंकि यह सीरीज उस लड़की की एक बहुत ही अलग, मासूम, युवा और कमजोर परिदृश्य को दर्शाती है।'



## नेपोटिज्म से डेब्यू मिलता है सफलता नहीं



करीना कपूर खान अक्सर अलग-अलग मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। करीना जो कि खुद एक स्टार किड हैं लेकिन उन्होंने बॉलीवुड नेपोटिज्म के बारे में खुलकर अपनी राय साझा की है। दरअसल, एक्ट्रेस हाल ही में बरखा दत्त के शो वी द वीमेन के एक डिस्कशन में शामिल हुईं। यहां पर उन्होंने अपने प्रिविलेज पोजीशन पर बात की और बताया कि इंडस्ट्री में सर्वाइव करने के लिए कुछ चीजें जरूरी होती हैं। नेपोटिज्म के मुद्दे को एड्रेस करते हुए एक्ट्रेस ने कहा- 'नेपोटिज्म आपको डेब्यू दिलाने में मदद कर सकता है, लेकिन ये लंबे करियर की गारंटी नहीं देता है। ऑडियंस की एक्सेप्टेन्स आपका करियर तय करता है, ना कि आपका फैमिली नेम।' वहीं, राजकपूर के पोता और डाइनिंग विद द कपूर्स के क्रिएटर अदार जैन ने इसी मुद्दे पर बात करते हुए कहा- 'लोग नेपोटिज्म के बारे में बात करते हैं, लेकिन मुझे इससे कोई फायदा नहीं हुआ है। हां, मैं राज कपूर का पोता हूं और करीना व रणबीर कपूर का रिश्तेदार हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं हर साल 50 फिल्मों में काम करूंगा या लगातार ब्रांड पार्टनरशिप और एड हासिल करूंगा। दुर्भाग्य से, इस सेंस में, मैं नेपोटिज्म का प्रोडक्ट नहीं रहा हूं।' करीना की वर्कफ्रंट करें तो उन्हें आखिरी बार साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था। पिछले साल उनकी द बकिंघम मर्डर्स और क्रू जैसी दो और फिल्में भी रिलीज हुई थीं। जल्द ही वो नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री डाइनिंग विथ द कपूर्स में दिखाई देंगी। यह डॉक्यूमेंट्री कपूर खानदान की फैमिली बॉन्डिंग और उनके खाने की विरासत को दिखाएगी। एक्ट्रेस साल 2026 में मेघना गुलजार की क्राइम ड्रामा फिल्म दायरा में दिखेंगी।



## मनोज बाजपेयी पर बोले जयदीप अहलावत

दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी की अपकमिंग सीरीज द फैमिली मैन का तीसरा सीजन अब रिलीज के लिए तैयार है। ये सीरीज 21 नवंबर को ओटीटी पर दस्तक दे रही है। उससे पहले सीरीज की स्टारकास्ट ने पीटीआई से बात की, जहां एक दूसरे के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। इस सीरीज में इस बार जयदीप अहलावत भी नजर आने वाले हैं तो उन्हें कैसा लगा इस फ्रेंचाइज से जुड़कर, चलिए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा।

### मनोज के साथ काम करने पर बोले जयदीप

इंटरव्यू में बात मनोज बाजपेयी के साथ काम करने के अनुभव को लेकर जयदीप ने कहा, मनोज भाई के काम को देखकर बहुत सारे एक्टर्स प्रेरणा ले चुके हैं। उन्होंने बहुत सारा ऐसा काम किया है जहां हर एक परफॉर्मेंस उनकी मास्टरक्लास है। इनको मैंने बताया भी था कि इनका एक डायलॉग है, बहुत लंबा सीन है वो। ये पूरी विधानसभा को संबोधित करते हैं। ये आसान नहीं है क्योंकि बहुत एनर्जी लगती है, लेकिन इन्होंने बहुत आसानी से उसे कर दिया।

### मनोज बाजपेयी ने जयदीप पर क्या कहा?

जयदीप के साथ काम करने के अनुभव पर बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने कहा, बहुत सारे लोग हम उसी रास्ते में एक दूसरे से सीखते रहते हैं। हमारे बीच गुरु शिष्य वाली कोई बात नहीं है।

द फैमिली मैन सीजन 3 श्रीकांत तिवारी के लिए एक नए और पहले से कहीं बड़े खतरे को लेकर आने वाला है। इस बार मुश्किलें सिर्फ देश पर ही नहीं, बल्कि उसके परिवार तक भी पहुंचने वाली हैं। श्रीकांत को उच्च-स्तरीय मिशनों के बीच अपने घरवालों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संभालनी होगी। आने वाले सीजन में दो नए और बेहद शक्तिशाली विलेन एंट्री करने वाले हैं- जयदीप अहलावत (रुक्मा) और निमरत कौर। दोनों किरदार श्रीकांत की राह और कठिन बनाते दिखाई देंगे। उनकी वजह से कहानी और गहरी, भावनात्मक और रोमांचक मोड़ लेने वाली है। फैमिली मैन सीजन 3 का ट्रेलर कुछ दिन पहले जारी किए गए द फैमिली मैन सीजन 3 के ट्रेलर में भरपूर एक्शन, सस्पेंस और मज़ेदार संवादों की झलक देखने को मिली। श्रीकांत तिवारी एक बार फिर अपने पुराने अंदाज़ में लौट आए हैं और दर्शकों को धमाकेदार मनोरंजन देने का वादा कर रहे हैं।





# मस्ती 4 मेरे लिए टैलेंट दिखाने का अच्छा मौका है

**एक्ट्रेस रुही सिंह की फिल्म 'मस्ती 4' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। खास बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि 'मस्ती 4' में प्रोड्यूसर इंद्र कुमार और डायरेक्टर मिलाप जावेरी जैसी टीम के साथ काम करना उनके लिए सपना सच होने जैसा था। यूके में हुई शूटिंग के अनुभव से लेकर कॉमेडी किरदार की तैयारी तक, हर कदम उनके लिए सीखने का मौका था। अपने माता-पिता, खासकर पिता के साथ गहरे रिश्ते को वह अपनी ताकत मानती हैं।**

**मस्ती 4 आपके लिए बड़ा मौका रहा। कैसे मिला और अनुभव कैसा रहा?**

जब फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं बहुत खुश हुई क्योंकि इसे इंदु जी (इंद्र कुमार) बना रहे हैं और मिलाप जावेरी डायरेक्टर हैं। स्टार कास्ट भी शानदार है। मुझे लगा यह मेरे टैलेंट दिखाने का अच्छा मौका है। शूटिंग यूके में हुई, और मैंने अपने रोल के लिए खूब तैयारी की। यह अनुभव मेरे लिए बहुत खास रहा।

**आपने किरदार के लिए क्या तैयारियां की थीं?**

यह एक कॉमेडी फिल्म है, इसलिए मैं चाहती थी कि मेरा अभिनय नेचुरल और दिल से हो। मैंने कई कॉमेडी फिल्मों को देखा और अपनी लाइनों पर खास ध्यान दिया कि मैं उसमें कुछ नया और मजेदार जोड़ सकूं। मेरा मानना है कि अगर आप कॉमेडी में कॉन्फिडेंट और आरामदायक होंगे तो एकदम फनी डायलॉग्स आसानी से आ जाते हैं, और मैंने यही अपने किरदार में लाने की कोशिश की।

**आपकी शुरुआत मॉडलिंग और सौंदर्य प्रतियोगिता से हुई। आपने कब सोचा कि इंडस्ट्री में करियर बनाना है? यह ख्याल कहां से आया?**

मुझे बचपन से ही यह चाहत थी कि मैं कुछ बड़ा करूं। मैं जयपुर से हूं। बचपन में मैं स्टेज पर आना और लोगों के सामने नजर आना चाहती थी। मैं डांस और दूसरे कॉम्पिटिशन में हमेशा भाग लेती थी। जहां दूसरों को स्टेज पर डर लगता है, मुझे वहां आने में खुशी मिलती थी। मैं हमेशा बाहर रहना और लोगों के सामने दिखना चाहती थी। मुझे हमेशा मजा आता था और मैंने कभी सोचा नहीं कि लोग क्या सोच रहे हैं। पॉजिटिव सोच के साथ बिना किसी सपोर्ट के मेरी मेहनत रंग लाई और आज मेरे पास 'मस्ती 4' जैसी बड़ी फिल्म है।

**तो आपने और आगे, जैसे मिस वर्ल्ड या मिस यूनिवर्स में हिस्सा क्यों नहीं लिया?**

मैंने तीन बार इंटरनेशनल लेवल पर इंडिया को रिप्रेजेंट किया। मिस मॉडल ऑफ द वर्ल्ड, मिस यूनाइटेड नेशंस चाइना और मियामी में। कई पेजेंट्स कर चुकी हूं, फिर मधुर भंडारकर की फिल्म 'कैलेंडर गर्ल्स' फिल्म में काम किया और सोचा, अब काफी हो गया। मेरे लिए पेजेंट्स का मकसद दुनिया देखना और एक्सपोजर पाना था। जयपुर से बाहर निकलकर अलग-अलग लोगों से मिलना चाहती थी। पहली बार विदेश भी इंडिया को रिप्रेजेंट करने ही गई थी, पापा भी साथ गए थे, जो मेरा सपना था।

**मधुर भंडारकर से मुलाकात कैसे हुई थी?**

मैं एक ऑडिशन में गई थी, वहीं मेरी मुलाकात मधुर भंडारकर से हुई। मैंने 'मयूरी चौहान' के लिए ऑडिशन दिया और वह मुझे उसी वक्त चुन लिया। उन्होंने कहा, 'हमें मिल गई मयूरी!' फिल्म 'कैलेंडर गर्ल्स' आने के बाद लोग आज भी मुझे मयूरी कहकर याद करते हैं।

**फिल्म कैलेंडर गर्ल्स रिलीज हुई तो सबसे प्यारा कॉम्प्लीमेंट कौन सा मिला? किससे मिला?**

मेरे पेरेंट्स ने कहा कि मैं स्क्रीन पर बिल्कुल रुही जैसी लग रही थी, जैसे एक्टिंग नहीं की हो। ऑडियंस को भी मेरा काम बहुत पसंद आया। लोग अक्सर मेरी फिल्म की लाइन बोलते थे- 'यह लड़की बहुत आगे जाएगी' यह मुझे सबसे प्यारा कॉम्पलीमेंट लगा।

**आपको क्यों नहीं फिल्में ऑफर हुईं?**

क्योंकि वो फिल्म नही चली। लेकिन मैंने पूरी मेहनत की थी और मधुर भंडारकर जी जैसे नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य था। फिल्म का चलना या न चलना किस्मत पर निर्भर करता है, किसी के हाथ में नहीं होता।

### मेरी मम्मी मेरी सबसे अच्छी दोस्त और इंस्पिरेशन हैं

मेरे पेरेंट्स का बहुत बड़ा साथ है, खासकर मेरी मम्मी, जो मेरी सबसे अच्छी दोस्त और इंस्पिरेशन हैं। मुझमें एक जिद है कि मैं अपनी मंजिल जरूर पाऊंगी। स्कूल में लोग कहते हैं कि टॉप पर पहुंचना आसान नहीं होता है, लेकिन मैं मानती हूं कि एक दिन मेरा भी सबसे अच्छा वक्त आएगा।

# सुमेरपुर शहर की यातायात व्यवस्था बेहाल, लाचार व्यवस्था राम भरोसे

## चारों ओर जाम, घंटों तक सड़क बीच खड़े रहे वाहन आमजन परेशान

## सड़क पर लगी वाहनों की आमने-सामने लंबी कतार वाहन चालकों में हुई कहासुनी

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निसं.)।** शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या विकराल होती जा रही है। बार-बार जाम लगने से शहरवासियों के साथ बाहर से आने वाले आमजन भी परेशान और बेहाल हैं। शनिवार को शाम मुख्य बाजार से टिंबर मार्केट की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहन अटकने से जाम लग गया, देखते ही देखते सड़क की चारों भुजाओं पर दो और चौपहिया वाहनों की कतार लग गई। ची-ची,पो-पो जैसी हॉर्न की कर्कश आवाज से परेशानी बढ़ती गई। यह नजारा शाम करीबन 7:00 से 6:00 बजे के बीच देखने को मिला जहां एक भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी नजर नहीं आए जो जाम से वाहनों को निकालने में मदद कर जाम को खुलवा सके। रास्ते में जाम को लेकर वाहन चालकों में कहासुनी भी होती रही है।

### यातायात व्यवस्था राम भरोसे

याद रहे कि जवाई लेपर्ड बनने के साथ साथ होलसेल मार्केट होने के बाद से शहर में पर्यटकों के साथ साथ जनता की संख्या में रिकॉर्डतोड़ बढ़ोतरी हो रही है। एक तरफ शादियों के सीजन तो दूसरी और सड़कों की मरमत से हर रोज जाम की स्थिति बन रही है। लेकिन ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने में नाकाम नजर आ रही है। यहां लोगों की संख्या हजारों में पहुंच रही है। शनिवार शाम को कुछ ऐसा ही हुआ। शादियों की सीजन चल रही है,इसी दौरान में बाजार से गुजरते हुए टिंबर मार्केट की ओर जाने वाले मार्ग पर आमने-सामने वाहन फंस गए जिससे देखते ही देखते वाहनों की रेलमपेल मच गई और वाहन गुत्थमगुत्था होने लगे। इस दौरान वहां चालकों में कहासुनी हुई।काफी देर तक जब वह परेशान होते रहे तो उन्होंने वापस अपनी गाड़ियां घुमाईं और निकले,लेकिन इस दौरान पीछे भी गाड़ियों की कतार लग गई। कई चालकों ने फुटपाथ पर गाड़ी चढ़ाई और वहां से बचते-बचाते निकल गए।

# कोलीवाड़ा में निःशुल्क शिविर संपन्न

मरीजों ने बड़ी संख्या में जांच करवाकर लिया उपचार



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन शनिवार को कोलीवाड़ा में आयोजित किया गया। जिसमें मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर उपचार कोलीवाडा में वैद आर्थोपेडिक हॉस्पिटल सुमेरपुर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ अमित वैद पालनपुर वाले के मार्गदर्शन में चिकित्सकों ने ग्रामीणों की जांच कर उपचार किया एवं आवश्यक दवाईयां निःशुल्क वितरण किया गया। आर्थोपेडिक सर्जन डॉ शिखर शाह तथा दंत चिकित्सक डॉ जाह्नवी गहलोत ने शिविर में अपनी सेवाएं दी।शिविर में बड़ी संख्या मे ग्रामीणों ने जांच करवाकर निःशुल्क शिविर का लाभ लिया। और विभिन्न बीमारियों का इलाज लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने गणना प्रपत्र भरने की मतदाताओं से की अपील

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका गोस्वामी ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि एसआईआर-2026 के तहत गणना प्रपत्र (ईएफ) को सुगमता से ऑनलाईन या ऑफलाईन माध्यम से भरकर यथाशीघ्र बीएलओ तक पहुँचाने का श्रम करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार एसआईआर के तहत 04 दिसम्बर तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य होगा। 09 दिसम्बर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन, 09 दिसम्बर से 08 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियों की अवधि रहेगी तथा 07 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतदाता 04 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा सकता हैं अथवा गणना प्रपत्र भरने के लिए शुरू की गई ऑनलाईन प्रक्रिया से अब कोई भी मतदाता ीजजचेरूध्ध्अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद पर जाकर स्वयं का गणना प्रपत्र ऑनलाईन माध्यम से भर सकता है, शुद्ध एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदाता गणना प्रपत्र के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये निर्वाचन विभाग द्वारा 1950 हैल्पलाइन और सभी विधानसभाओं में सभी मतदान केन्द्रों पर नियोजित हैल्प डेस्क से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इस दौरान जिले की विधानसभाओं के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नियमित प्रगति की मॉनिटरिंग करने, न्यून प्रगति वाले बीएलओ पर फोकस कर उसकी सहायता करने, वांछित प्रगति हेतु विशेष कार्य योजना के साथ कार्य करने को कहा।

# जिला अस्पताल में चर्म रोग विषेषज्ञ पद पर डॉ. मनोज यादव ने किया कार्यग्रहण

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में काफी समय से चर्म रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त चल रहा था, जिससे क्षेत्र के लोगों को जयपुर व अलवर आदि जगह जाना पड़ता था। विधायक हंसराज पटेल से अस्पताल के पीएमओ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर द्वारा आग्रह करने पर विधायक पटेल द्वारा चर्म एलर्जी एवं यौन रोग विशेषज्ञ के पद पर डॉ. मनोज यादव को लगाया गया है। अब क्षेत्र की जनता को कहीं और नहीं जाना पड़ेगा, बीडीएम जिला अस्पताल में ही गुणवत्तापूर्ण चर्म रोग की सुविधा मिलने से लोगों को काफी सुविधा एवं राहत मिलेगी। पीएमओ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर ने बताया कि सर्दियों में त्वचा के शुष्क रहने से चर्म रोग जैसे जीरोसिस सोरियासिस एक्जिमा के मरीजों की तकलीफ काफी बढ़ जाती है। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज यादव ने बताया कि इस मौसम में चर्म रोग के मरीजों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती हैं। ज्यादा गर्म पानी से नही नहाये, साबुन का प्रयोग कम से कम करे, शरीर पर मॉइश्चराईजर एवं नारियल तेल को अच्छे से लगाये, वूलेन एवं गर्म कपड़ां के नीचे सूती एवं नर्म कपड़े पहने, ज्यादा परेशानी होने पर चर्म रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** कस्बा स्थित अशोका कोचिंग संस्थान में आज शहीद अशोक कुमार की 14 वीं पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनीय हैं कि संस्थान द्वारा समय-समय पर सामाजिक सरोकार के कार्य किये जाते है।

# छात्राओं के लिये व्याख्यान माला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में शनिवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में छात्राओं के लिये व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. बबीता ने दहेज अधिनियम 1986 एवं नेत्रदान महादान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने दहेज उत्पीड़न व महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में नेत्रदान के बारे में बताते हुये एक नेत्रदाता मृत्यु के बाद अपनी आँखों के कॉर्निया का दान करके दो नेत्रहीन व्यक्तियों को जीवन भर की रोशनी दे सकता है। यह एक नेक और पुण्यकारी कार्य है, जो किसी की दुनिया को रोशन कर सकता है। संचालन प्रो. बरखा ने किया। प्रो. शोभा जौहरी ने स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. विकास यादव, प्रो. सुमन पूनिया, प्रो. ज्योति पाठक, प्रो. भूमिका खंडेलवाल समेत सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आज जिले में आयोजित होगा उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस

**2209 बूथों पर 03 लाख 80 हजार नौनिहाल गटकेंगे 'दो बूंद जिंदगी की'**

**एस.आई.आर. गतिविधि के प्रति भी होगी जन-जागरूकता**




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जिले में आज उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस (SNID) का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि अभियान के तहत जयपुर द्वितीय जिले के 2209 बूथों पर 03 लाख 80 हजार नौनिहालों ( 0 से 5 वर्ष तक ) को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बूथों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी, ए.एन.एम., आशा सहयोगिनी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्त रहेंगे। इसके साथ ही टीमों द्वारा एस.आई.आर. के बारे में भी व्यापक जन-जागरूकता की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को बूथ पर अवश्य लाएँ और पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान को सफल बनाएं। स्वास्थ्य विभाग की सभी तैयारियाँ पूर्ण हैं और अभियान के दौरान जिला स्तरीय अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। आरसीएचओ डॉ. प्रमिला मीणा बताया कि आगामी दिवसों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायेगी। पल्स पोलियो टीकाकरण के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु क्षेत्र में 12534 वैक्सीनेटर और 713 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही 125 ट्रांजिक्ट टीमें और 529 मोबाईल टीमें कार्य करेंगी। इस प्रकार अभियान में कुल 13247 मैनपावर कार्यरत रहेगा।

# जवाई खंड संगम अध्यक्षों व अधिकारियों की बैठक आयोजित

**नहर में पानी छोड़ने बाराबंदी करने एवं कर वसूल करने सहित अन्य बिंदुओं पर हुई चर्चा**

**01 दिसंबर को पानी छोड़ने व 02 को बाराबंदी करने पर जताई सहमति सिंचाई हेतु 24 दिनों की होगी दूसरी पाण**



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** शनिवार को जवाई नहर खंड अधिशासी अभियंता राज भंवराय की अध्यक्षता में संगम अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में जवाई बांध प्रणाली के समस्त अध्यक्षों के साथ जवाई बांध से दूसरी पाण देने पर सहमति जताई,और विशेष चर्चा की गई। आयोजित बैठक में सर्वसहमति से आगामी 01 दिसंबर से नहर खोली जाकर 02 दिसंबर को बाराबंदी करने का निर्णय लिया गया। सिंचाई हेतु यह द्वितीय पाण 24 दिनों की होगी। इस दूसरी के पाण दौरान सांडेराव,तखतगढ़ एवं सुमेरपुर कार्यालय में कैंप लगाकर सिंचाई कर की वसूली की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सिंचाई कर जमा नहीं करवाने पर संबंधित काश्तकारों को बाराबंदी से वंचित किए जाने का सर्वसहमति से निर्णय लिया गया। इस मौके पर अधिकारी एवं संगम अध्यक्ष सहित काश्तकार उपस्थित रहे।

# चौहटन विधानसभा में 88 नई ग्राम पंचायतें सृजित

जयपुर टाइम्स



**रावतसर(निसं.)** विधानसभा क्षेत्र में कुल 88 नवीन ग्राम पंचायतों का सृजन हुआ है जो कि बाड़मेर जिले में सबसे अधिक ग्राम पंचायतें सृजित हुई है । चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल के अथक प्रयासों एवं प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता से सबसे अधिक ग्राम पंचायत चौहटन विधानसभा को मिली है जिससे समस्त क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है जैसे ही अधिसूचना जारी हुई तो विधायक आदूराम मेघवाल के निवास पर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों का बधाई एवं धन्यवाद देने के लिए दिन भर तांता लगा रहा तथा ग्रामीणों ने चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल और प्रदेश सरकार का आभार जताया । चौहटन पंचायत समिति में सूरते का तला, गुरु श्री मोहनपुरी जी जन्मस्थली, नवानगर तारातरा, भोजासर, राणीसर, सनाऊ हुकम सिंह, देवानियों का तला, उमे की ढाणी, हरदानपुरा, भीलों का तला, करमोड़ी मंडो की बस्ती , भोजावास, जगरूपोणी सऊओं की बस्ती, बाधानियों की ढाणी, गोदारों की ढाणी, सिद्ध जोगीनाथ नगर, रोडियों का तला,, दुधवा खुर्द । सेड़वा पंचायत समिति में आदर्श केकड़, आलीसरों की बस्ती, थानाणियो की बस्ती, राणा पूंजा नगर, धुड़ावा, गोगा जी मंदिर भीचरों की ढाणी, आदर्श सोनडी, भींये की बेरी, पाबूबेरी, आदर्श बामड़ला, चंपाबेरी, चालकना, सराइयों का तला, दीपला, सत्य सूर्य नगर, मालानी नगर, हनुमान नगर, आदर्श सालरिया, विराटनगर, खेराज नगर। पंचायत समिति धनाऊ में मिठीनाडी, टांका स्टेशन, ढाकों का तला, कालू की बेरी, सुथारों की बेरी, भाडों का तला, छच्छी बेरी, सदराम की बेरी, जसनाथ नगर, जाटों का कुआं, सांवदो का वास, लीलावास, भभूताणी, मियें का तला, वासिये का तला, आंगनशाह की ढाणी, रूप नगर, अंबेडकर नगर, हरजीयाणियों की ढाणी, भारमलपुरा, सुथारों का तला, चन्दाणियों की ढ़ाणी, सुरपुरा, भीलों का तला । फागलिया पंचायत समिति में रामदेरिया पश्चिम, खाराडेर, आदर्श गोडा, बोरला जाटान, मदावा, आदर्श चितरडी, हेमावास, श्रीयादे नगर, बांधनिया, सगरवाव, शिव नगर, अम्बावा, खारी, सिंहानिया, विवेकानंद नगर, अरटा, मोगावा, नारायणपुर, डीडावा, रड़वा, आदर्श बाखासर, अंम्बेडकर नगर, चांदासनी, रंगवाली, सुहागी सहित कुल 88 नवीन ग्राम पंचायतें बनायी गई है।

# चूरू अपडेटः मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम- 2026

**एसआईआर–2026 के तहत जिले में अब तक 1059906 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज**

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। शनिवार सांय 04 बजे तक जिले में कुल 1059906 गणना प्रपत्र डिजीटाइज किए गए। जिले में कुल 62.69 प्रतिशत गणना प्रपत्रों डिजीटाइज किए गए हैं। शनिवार सांय 04 बजे तक जिले में कुल 1059906 गणना प्रपत्रों डिजीटाइज जा चुके हैं। जिले के सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में 162679, तारानगर में 190922, सरदारशहर में 189376, चूरू में 187302, रतनगढ़ में 166349, सुजानगढ़ में 163278 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है। इसी के साथ जिले में कुल 62.69 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया है। जिले के सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में 64, तारानगर में 70.60, सरदारशहर में 60.12, चूरू में 70.91, रतनगढ़ में 58.24, सुजानगढ़ में 54.17 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है। अब तक 32 बीएलओ ने शत प्रतिशत गणना प्रपत्र किए डिजीटाइज जिले में शनिवार सांय 04 बजे तक कुल 32 बीएलओ ने शत –प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजीटाइज किए। इनमें जिले के सादुलपुर के 03, तारानगर के 07 , सरदारशहर के 09, चूरू के 11, रतनगढ़ के 01, सुजानगढ़ के 01 बीएलओ शामिल हैं।

### मतदाता स्वयं ऑनलाइन भरें गणना प्रपत्र

मतदाताओं को ऑनलाइन माध्यम से भी गणना प्रपत्र भरने की सुविधा दी गई है। मतदाता अब पोर्टल https//voters.eci.gov.in/ पर विजिट कर 'एसआईआर–2026 : फिल इनुमेरेशन फॉर्म' आइकन पर क्लिक कर ऑनलाइन अपना गणना प्रपत्र भर सकते हैं।

# 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025: तैयारियाँ अंतिम चरण में

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में 23 नवंबर से 6 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 की तैयारियाँ अंतिम चरण में प्रवेश कर चुकी हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, भारत की सबसे प्रतिष्ठित और विशाल विश्वविद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में से एक है। यह राष्ट्रीय स्तर की एक मल्टी-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप है, जिसमें पूरे देश के शीर्ष 8 विश्वविद्यालय भाग लेते हैं। आयोजन से पहले वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए मैदानों और सुविधाओं का निरीक्षण भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल उपनिदेशक मयंक श्रीवास्तव और खेल प्रबंधक शमीम अहमद ने किया। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया की सभी समितियां समन्वय के साथ काम कर रही हैं, जिससे खेलों के सफल संचालन में किसी भी प्रकार की कमी न रहे निरीक्षण के बाद श्री श्रीवास्तव और अहमद ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित से खेलो इंडिया की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में चर्चा की और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद और भारतीय खेल प्राधिकरण एवं विश्वविद्यालय में खेल गतिविधियां बढ़ाने एवं आपसी सहयोग पर चर्चा की। बीकानेर में हर रविवार को संडे जोन साइकिल का आयोजन करने के पर विचार विमर्श हुआ, जिससे बीकानेर के नागरिक सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों। उन्होंने कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया।

# सड़कें ग्रामीण अंचल के लिये सुविधाजनक आवागमन का मार्ग बनेगी, विकास की दिशा में अहम योगदान देगीः पटेल

**विभिन्न गांवों में मिसिंग लिंक सड़कों का किया शिलान्यास, 01 करोड़ 65 लाख की लागत से होगा निर्माण**



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल द्वारा कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण ईलाकों में सड़क कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के उद्देश्य से 01 करोड़ 65 लाख की लागत से बनने वाली नवीन सड़कों का शनिवार को शुभारंभ किया गया। पटेल द्वारा मलाला की ढ़ाणी से ग्राम हांसियावास तक 85 लाख रूपये की लागत से 02 किमी लम्बी सड़क का ग्राम हांसियावास में व खटाणा की ढाणी से मुर्गी फॉर्म गोनेड़ा तक 35 लाख रूपये की लागत से 01 किमी लम्बी सड़क का ग्राम गोनेड़ा में एवं नवरंगपुरा सड़क से ढ़ाणी कांकरिया तक 45 लाख रूपये की लागत से बनने वाली 01 किमी लम्बी सड़क का ढ़ाणी कांकरिया में षिलान्यास किया गया। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि इन विकास कार्यों के माध्यम से क्षेत्र के आवागमन में सुविधा बढ़ेगी और जनजीवन को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण ना केवल क्षेत्रवासियों को आवागमन की सुविधा देगा, बल्कि गाँव व ढ़ाणियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुये शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार व रोजगार के अवसरों को भी सशक्त बनायेगा। राज्य सरकार की गाँव, गरीब व किसानों के विकास की प्रतिबद्धता का यह परिणाम है कि आज कोटपुतली निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर है। यह सड़कें ग्रामीण अंचल के लिये सुविधाजनक आवागमन का मार्ग बनेगी और क्षेत्र के विकास की दिशा में अहम योगदान देगी। हमारा संकल्प है कि गाँव-गाँव तक मजबूत सड़क नेटवर्क पहुँचाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार व रोजगार के अवसरों को सशक्त बनाया जायें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष एड. रमेष रावत, राजवीर यादव, दाताराम शर्मा, सरपंच एड. देवेन्द्र रावत, भाजपा नेता विक्रम रावत, सरपंच रीना वर्मा, हव. कमलेष छावड़ी, एड. सीताराम छावड़ी, पूर्व सरपंच नाहरसिंह रावत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

# *आज आएंगे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल*

***बीकानेर(निसं.)*** *केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल रविवार प्रातः 6:15 बजे नापासर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। प्रातः 6:20 बजे यहां से प्रस्थान कर नौरंगदेसर जाएंगे तथा प्रातः 6:30 बजे से यहां आयोजित 'टूर डी थार' कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मेघवाल प्रातः 11 बजे ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन के कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 3 बजे पंचायत समिति बीकानेर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सायं 5 बजे ईसीबी के कार्यक्रम 'आह्वान-2025' में मौजूद रहेंगे तथा सायं 5:30 बजे रायसर में 'टूर डी थार' के पुरस्कार वितरण समारोह में भागीदारी निभाएंगे। मेघवाल बीकानेर में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों और बैठकों में भाग लेने की पश्चात रात्रि 10:20 बजे रेल मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।*

# भजनलाल शर्मा के नया भरोसा बने अखिल अरोड़ा, संभालेंगे अब सीएमओ को

**प्रदेश में अब तक भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों की सरकारों के भरोसेमंद अधिकारी रहे हैं अरोड़ा, तुरंत नीतिगत फैसले लेने में है सक्षम तो फाइलों के तेजी से निस्तारण के लिए भी माने जाते हैं**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार का 2 साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है इस बीच भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर से 48 आईएएस अधिकारियों को इधर-उधर करके ब्यूरोक्रेसी में यह संदेश दिया है कि किसी अधिकारी के काम में अगर थोड़ी सी भी शिथिलता रहेगी और अधिकारियों में आपस में सामंजस्य और तालमेल की कमी रहेगी तो तो सरकार फिर ब्यूरोक्रेट पर सर्जिकल स्ट्राइक के लिए भी पूरी तरह से तैयार रहेगी 48 बड़े अधिकारियों के स्थानांतरण सूची को देखने के बाद शायद अब उन लोगों की जुबान भी बंद हो जाएगी जो अक्सर यह कहा करते थे कि भजनलाल सरकार का पूरा संचालन दिल्ली से हो रहा है इन अधिकारियों की ट्रांसफर लिस्ट से भजनलाल शर्मा जो अब तक कुशल मुख्यमंत्री के रूप में माने जाते थे अब शासन सचिवालय के गलियारों में भी चर्चा होने लगी है कि मुख्यमंत्री शर्मा ब्यूरोक्रेट के भी मास्टरमाइंड हो गए हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने नए मुख्य सचिव श्रीनिवास से मुलाकात के बाद बड़ी संख्या में अधिकारियों की जिम्मेदारी बदलकर अधिकारियों को पूरी तरह से समर्पित और कर्मठ तरीके से काम करने के लिए अलर्ट मोड पर लाकर खड़ा कर दिया है इसलिए अब यह माना जा रहा है कि भजनलाल सरकार के आने वाले तीन साल प्रदेश की जनता के लिए और भी अच्छे साबित हो सकते हैं क्योंकि एक तरफ जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसी भी जिला कलेक्टर का तबादला नहीं किया तो दूसरी तरफ उन्होंने अपने दफ्तर की जिम्मेदारी 1993 बैच के आईएएस अधिकारी अखिल अरोड़ा को दी है जो लो प्रोफाइल के अधिकारी तो हैं लेकिन फाइलों के तेजी से निस्तारण करवाने और तुरंत नीतिगत फैसले लेने में काफी माहिर है उनकी यही खासियत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को काफी पसंद आई है जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री शर्मा ने उन्हें अपना अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया ।इन दोनों मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य युद्ध स्तर पर प्रदेश में संपादित हो रहा है इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने जिला कलेक्टर को बदलना जरूरी नहीं समझा वैसे भी जिला कलेक्टर को कार्य के लिए समय दिया जाना भी जरूरी है इसलिए अभी किसी भी जिला कलेक्टर को इधर-उधर नहीं किया गया उन्हें कार्य करने का अवसर दिया गया है लेकिन कई बड़े डिपार्टमेंट में अधिकारियों को इधर-उधर करके मुख्यमंत्री शर्मा ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि अधिकारियों के बीच आपस में समन्वय और तालमेल बहुत जरूरी है आपस में विभिन्न विभागों में अगर तालमेल और समन्वय नहीं होगा तो फिर सरकार का विजन भी ठीक तरह से पूरा नहीं हो पाएगा इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कुछ दिनों से कुछ बड़े अधिकारियों के बीच आपस में चल रही खींचतान को प्रदेश के विकास के लिए बाधक मान रहे थे जिसकी वजह से उन्होंने अधिकारियों को इधर-उधर करना ज्यादा जरूरी समझा वैसे भी नए मुख्य सचिव श्रीनिवास जमीन से जुड़े कर्मठ और समर्पित अधिकारी माने जाते हैं इसलिए अगर कोई नया मुख्य सचिव आता है तो वैसे भी ब्यूरोक्रेट में उच्च स्तर पर बदलाव तो होता ही है फिर भी मुख्यमंत्री शर्मा ब्यूरोक्रेट में इतनी जल्दी बदलाव करने को लेकर ज्यादा सोच नहीं रहे थे लेकिन कुछ अधिकारियों के बीच आपस में तालमेल की कमी होने की वजह से प्रदेश में विपक्ष के नेताओं की ओर से भी कई तरह की बयान बाजी की जा रही थी जो कहीं ना कहीं प्रदेश की भजनलाल सरकार के अच्छे कामों और निर्णय के असर को प्रदेश की जनता में कमजोर कर सकती थी इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने बहुत ही चतुराई और सूझबूझ से अधिकारियों की जिम्मेदारियां को बदलकर यह दिखा दिया है कि वह प्रशासनिक व्यवस्थाओं की भी बखूबी जानकारी रखते हैं तो अधिकारियों की कार्य क्षमता और उनके व्यवहार की भी उन्हें अच्छी तरह से जानकारी है जिसकी झलक अखिल अरोड़ा को अपना अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाकर उन्होंने दिखा दी अखिल अरोड़ा बीकानेर, डूंगरपुर और जयपुर के जिला कलेक्टर रह चुके हैं इसके अलावा प्रदेश में पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार में भी कई बड़े डिपार्मेंटों में बड़ी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं प्रदेश की गहलोत सरकार में भी इन्होंने बड़े-बड़े डिपार्टमेंट में बड़ी-बड़ी जिम्मेदारी संभाली है पिछली गहलोत सरकार में ही गहलोत सरकार के तीन बजट अखिल अरोड़ा ने ही तैयार करवाए थे अखिल अरोड़ा फाइलों के तेजी से निस्तारण के काम में अव्वल अधिकारी माने जाते हैं प्रत्येक फाइल पर उनकी कड़ी निगरानी रहती है इसके अलावा नीतिगत फैसले भी उनके काफी सटीक और प्रभावशाली होते हैं उनकी यही खासियत पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत को भी काफी पसंद थी इसीलिए वित्त संबंधी मामलों में अखिल अरोड़ा का अनुभव काफी शानदार और बेमिसाल रहा है यही वजह रही की पिछली गहलोत सरकार में तीन बजट तैयार करवाने में अखिल अरोड़ा की बड़ी भूमिका रही और प्रदेश की भजनलाल सरकार में भी 2 बजट तैयार करवाने में अखिल अरोड़ा की ही भूमिका थी। अब मुख्यमंत्री शर्मा ने उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव का फायदा उठाने के लिए उन्हें शासन सचिवालय से अपने दफ्तर में लेकर आए हैं निश्चित रूप से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नए मुख्य सचिव श्रीनिवास और अखिल अरोड़ा की है तिगड़ी प्रदेश सरकार के लक्ष्य और विजन को हासिल करने में निर्धारित समय में सफल होगी क्योंकि यह तीनों ही समर्पित ,कर्मठ, इमानदार और जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं इसलिए जमीन से जुड़े व्यक्ति ही जमीन से जुड़े लोगों भावनाओं को जहां ठीक तरह से समझ पाते हैं तो जमीन से जुड़े लोग ही सरकार की योजनाओं का जरूरतमंद लोगों तक फायदा पहुंचाने के लिए तत्पर रहते हैं इसलिए आने वाले 3 साल में प्रदेश की जनता के लिए काफी लाभदायक साबित होंगे ऐसा माना जा रहा है । अखिल अरोड़ा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ऐसे समय में मिली है जब एक तरफ जहां प्रदेश सरकार के 2 साल के कार्यकाल के पूरा होने पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होगा दूसरी तरफ दिसंबर माह में प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन होगा इसके अलावा राइजिंग राजस्थान के समझौते के क्रियान्वयन का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ाना है रिफाइनरी का भी उद्घाटन होने वाला है प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश आने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है इन सब स्थितियों में अखिल अरोड़ा की मुख्यमंत्री कार्यालय में नियुक्त किया जाना यह दिखाता है कि मुख्यमंत्री शर्मा उन पर कितना भरोसा करते हैं ।

## तकनीकी को स्वीकार कर दोस्ती करनी ही होगीः डॉ. सहारण




जयपुर टाइम्स

**इटानगर/चूरू(निसं.)।।** समय की तासीर सदैव परिर्वतनशील रही है। समय समय-समय पर अपनी गति और मति परिवर्तित करता है। यही तो युगयात्रा है। वर्तमान समय में तकनीकी एआई लेकर आई है, यह परिवर्तन उसी परंपरा में है, अग्रगामी है। जिससे डरना नहीं, इसे खतरा नहीं बताना है, दोस्ती करनी है। उक्त विचार चूरू निवासी साहित्यकार डॉ. दुलाराम सहारण ने इटानगर में आयोजित हो रहे अरुणाचल लिटरेचर फेस्टिवल में शनिवार शाम 'साहित्य और एआई' विषयक सत्र में रखे। अरुणाचल सरकार एवं अरुणाचल लिटरेचर सोसायटी द्वारा आयोजित इस सातवें लिटफेस्ट के इस सत्र में असम से ध्रुव हजारिका, दिल्ली से सी.पी. सुरेंद्रन, मनीष मोहन गोरे ने भी अपने विचार रखे। संचालन रवि सिंह ने किया। धन्यवाद लिईर इटे ने दिया। सत्र में प्रख्यात साहित्यकार शीनकाफ निजाम, सरदार इंद्रजीत सिंह, जमुना बिनी,विनीता परमार, तारो सिंदिक सहित अरुणाचल के साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

## विद्याश्रम में 'गुड पैरेंटिंग'एवं 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)** स्थानीय पोलो ग्राउंड स्थित विद्याश्रम पब्लिक स्कूल में अभिभावकों के लिए गुड पैरेंटिंग एवं स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विद्यालय की निदेशक श्रीमती मंजू लाटा ने वर्तमान समय में अभिभावकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एकल परिवारों का बढ़ता चलन, माता-पिता की व्यस्त दिनचर्या तथा बच्चों का मोबाइल के प्रति अत्यधिक झुकाव उनके बौद्धिक एवं सामाजिक विकास में बाधक बनता जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों में गुड हैबिट विकसित कराने, सकारात्मक संवाद बढ़ाने और गुड टचदृबैड टच जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों से परिचित कराने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके बाद राकेश कुमार लाटा सेवानिवृत्त डी.ई.ओ. ने उपस्थित अभिभावकों को मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन तथा ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाते हुए अभिभावकों को जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा और टॉपर भूमिका अग्रवाल ने भी अभिभावकों को संबोधित करते हुए आज की प्रतिस्पर्धा में पढ़ाई को लेकर बच्चों में बढ़ रहे तनाव और डिप्रेशन को कम करने के सरल उपाय बताए तथा प्रभावी गुड पैरेंटिंग से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। विद्यालय की प्राचार्या पायल शुक्ला, कार्यशाला संयोजक चंदा शर्मा तथा विकास शर्मा ने भी अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और व्यवहारिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। कार्यक्रम में संस्थान की एचओडी बिंसी थॉमस, कोऑर्डिनेटर यामिनी जैन, सरिता टेलर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना की।

## रक्तदान शिविर का ए. आर. स्कूल में हुआ आयोजन

**सीकर(निसं.)।** स्थानीय फतेहपुर रोड ए. आर. मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज चौथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। निदेशक मोहम्मद तौफीक चौहान ने बताया कि स्कूल में मरहूम जरीना चौहान और अयूब रऊफ की याद में आज ए आर स्कूल में चौथा रक्तदान शिविर का आयोजन 22 नवंबर 1999 को स्कूल के निदेशक मोहम्मद तोफिक चौहान के परिवार में एक हादसे में 9 व्यक्तियों का इंतकाल हो गया था जिनमें मोहम्मद अयूब चौहान ,अब्दुल रऊफ चौहान, मोहम्मद कासम भाटी ,मनवर चौहान, रफीक चौहान ,जुबेर चौहान का इंतकाल हो गया था इनके दो भाई अयूब और रऊफ जिनके नाम से 2 जून 2001 को उनकी याद में ए आर स्कूल की नीव रखी उन्हीं की याद में हर साल की तरह आज स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

# भजनलाल सरकार की एक और उपलब्धि, कल से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आगाज

**प्रदेश के सभी सात संभागों में 24 खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन, इस टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बनाने के लिए भजनलाल सरकार ने कमरकसी**








जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार रोजाना नए-नए कीर्तिमान हासिल कर रही है पिछले करीब 2 साल के अपने कार्यकाल में भजनलाल सरकार ने अनेक बड़े-बड़े फैसले लिए और इस सरकार के कार्यकाल में गई बड़ी उपलब्धियां भी दर्ज हुई है इसी क्रम में भजनलाल सरकार ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली है वह यह है कि कल से 5 दिसंबर तक प्रदेश के सभी सात संभागों में पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन हो रहा है जो प्रदेश में खेलों का नया माहौल पैदा करने में काफी सहायक साबित होगी इस टूर्नामेंट के आयोजन से प्रदेश के विभिन्न खेलों के होनहार खिलाड़ियों के चेहरों पर भी खुशी छाई हुई है क्योंकि देश भर के करीब 4000 से ज्यादा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे हैं इस प्रतियोगिता में 24 खेलों का आयोजन होगा जिसमें 23 पदक निर्धारित किए गए हैं और एक प्रदर्शन खेल है कुल मिलाकर यह कह सकते हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हो रहा यह टूर्नामेंट प्रदेश के खेल जगत के लिए एक बहुत बड़ी खबर है जानकारी के अनुसार 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय व्यापी टूर्नामेंट में तीरंदाजी फुटबॉल हॉकी कुश्ती बॉक्सिंग बैडमिंटन वॉलीबॉल तलवारबाजी सहित 24 खेलों का आयोजन होगा और सभी संभागों पर अलग-अलग खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित किया गया है यह खेल प्रतियोगिताएं जयपुर के अलावा अजमेर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर संभाग पर आयोजित होगी प्रदेश के खेल मंत्रालय ने सभी खेलों की प्रतियोगिताओं की तैयारी पूरी कर ली है खिलाड़ियों के खाने-पीने रहने ठहरने की सभी सुविधाएं सुनिश्चित कर दी गई है इसके अलावा खेलों के दौरान सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किए गए हैं मौके पर चिकित्सा की भी अच्छी व्यवस्था की गई है द्यइस प्रतियोगिता के ऐतिहासिक आयोजन के लिए प्रदेश का खेल मंत्रालय गंभीरता से इस टूर्नामेंट से जुड़े हर छोटे-बड़े विषयों पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं इस टूर्नामेंट के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्रीय खेल मंत्री और खेल जगत से जुड़े कई बड़े लोगों के मौजूद रहने की बात कही जा रही है बड़ी बात यह है कि पिछले 2 सालों में प्रदेश में खेलों के स्तर में अच्छा सुधार हुआ विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई है अभी हाल ही में कोटा की अरुंधति चौधरी ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में वर्ल्ड लेवल पर स्वर्ण पद हासिल करके राजस्थान का नाम रोशन किया जो अपने आप में राजस्थान के लिए और भारत के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि कहीं जा सकती है इसलिए इसमें कोई दो राय नहीं प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश के हर खेल और हर खेल से जुड़े प्रतिभावान खिलाड़ियों को सही समय पर सही प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्र में मौजूद प्रतिभावान खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखा सके इसके लिए सांसद खेल महोत्सव का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्र में मेंबर ऑफ पार्लियामेंट की अगवाई में टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है इस टूर्नामेंट में ग्रामीण स्तर एक खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन दिखाने का अच्छा अवसर मिला कुल मिलाकर यह कह सकते हैं कि प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों का स्तर अब तीव्र गति से ऊंचा उठ रहा है यह सब जो क्रांतिकारी बदलाव राजस्थान के खेल जगत में आया है यह भजनलाल सरकार की अच्छी खेल नीतियों और अच्छे प्रयासों के माध्यम से

## प्रदेश में कांग्रेस के 50 जिला अध्यक्षों के नाम निर्धारित, घोषणा किसी भी समय

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस में 50 जिला अध्यक्षों का चयन कर लिया गया है कांग्रेस हाई कमान की ओर से 50 जिला अध्यक्षों के चयन पर अंतिम मोहर लगा दी गई है और अब किसी भी समय इन नए जिला अध्यक्षों के नाम का ऐलान हो सकता है जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के साथ पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बंद कमरे में बातचीत की थी इस बातचीत में प्रदेश में पार्टी के नए जिला अध्यक्षों के चयन पर वेणुगोपाल ने राजस्थान के इन सभी बड़े नेताओं से बातचीत की बातचीत के बाद वेणुगोपाल ने पार्टी के 50 नए अध्यक्षों की पार्टी हाई कमान को भी दे दी है यह सूची किसी भी समय जारी की जा सकती है जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस में 50 नए जिला अध्यक्षों के पद के दावेदारी के लिए 3000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए थे इसके लिए बाकायदा कांग्रेस हाई कमान की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक हर जिले में आए थे और कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं से अलग-अलग मुलाकात भी की थी नेताओं से उनके इलाके में अध्यक्ष पद के लिए फीडबैक भी लिया था पार्टी के वर्तमान विधायकों पूर्व विधायकों पार्टी के वर्तमान सांसदों और पूर्व सांसदों से भी इस संबंध में मुलाकात करके पर्यवेक्षक ने उनसे सलाह और नाम मांगा था इसके अलावा पर्यवेक्षक की ओर से विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों से भी बातचीत करके कांग्रेस जनों और लोगों से भी फीडबैक हासिल किया था इस दौरान अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए कई लोगों ने व्यक्तिगत मुलाकात करके बकायदा अपना पूरा बायोडाटा पर्यवेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया था इस तरह से पूरे राजस्थान में 3000 से ज्यादा दावेदारों ने जिला अध्यक्षों के लिए आवेदन किए थे जिन पर दिल्ली में गंभीरता से मंथन किया गया और अभी हाल ही में कैसी वेणुगोपाल ने प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डोटासरा और टीकाराम जूली से भी अंतिम बातचीत की इससे पहले सचिन पायलट भी दिल्ली में थे उनसे भी इस संबंध में पार्टी के दिल्ली दरबार से जुड़े नेताओं ने बातचीत की कुल मिलाकर 50 जिला अध्यक्षों का चयन कर लिया गया है अभी राजस्थान में मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है हालांकि इसके लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से पहले ही बूथ लेवल पार्टी के पदाधिकारी की नियुक्ति सुनिश्चित कर दी गई है लेकिन अब कांग्रेस हाई कमान जल्दी से जल्दी जिला अध्यक्षों के नाम का ऐलान करके प्रदेश में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को और कड़ी निगरानी के माध्यम से संपादित करवाने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है इसलिए नए जिला अध्यक्षों की घोषणा कभी भी हो सकती है

## गांवों में पेयजल संकट को लेकर मची त्राहि त्राहि, प्रशासन को सरोकार नहीं

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक(निसं.)।** उपखंड क्षेत्र में इस बार वर्षा ऋतु में मूसलाधार बारिश हुई थी और बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। क्षेत्र में चहुंओर पानी ही पानी हो गया था। अभी भी कई जगह जलभराव है। लेकिन इसके बावजूद लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। कई गांवों में तो पांच माह से अधिक समय से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी है। बारिश के दौरान पानी की मोटर, उपकरण आदि पानी में डूब गए थे लेकिन अब हालात सामान्य हुए करीब दो माह हो चुके हैं। फिर भी जलदाय विभाग ग्रामीणों की सुध नहीं ले रहा है। उपखंड क्षेत्र के कोच्या की ढाणी में पेयजल संकट से हालात बेहद खराब है। ग्रामीण एक एक बूंद पानी के लिए तरस गए हैं। सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत घर घर नल कनेक्शन कर जल पहुंचाने का प्रयास कर रही है मगर जलदाय विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते इस योजना के ठेकेदार ही सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं। कोच्या की ढाणी गांव में एक हजार से अधिक की आबादी है जहां के लोग बीसलपुर का पानी महज दो माह भी ठीक से नहीं पी सके, फिर से वही हालात बन गए हैं। बता दें कि ग्राम पंचायत बरडोती का कोच्या की ढ़ाणी तो ऐसा गांव है जिसमें 14 साल से एक बूंद भी पानी नहीं आया है। जिला कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद मई और जून माह में जरूर ग्रामीणों के घरों में लगे नल कनेक्शनो में पानी आया था।

### इन गांवों में है पेयजल संकटः

सांभरलेक उपखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में आज भी पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इन गांवों में कई माह से पानी नहीं आया है जिसके कारण ग्रामीणों को महंगे दामों पर टैंकरों से पानी डलवाना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बरडोती के कोच्या की ढाणी, ग्राम पंचायत हबसपुरा के डोईपुरा, भीरावता, रिणगी, काल्या, नांगल, सीतारामपुरा सहित कई गांव ढाणी के हजारों ग्रामीण इस समय सर्दी के सितम से नहीं बल्कि पेयजल संकट से परेशान है।

इधर....... औपचारिकता की रस्में पूरी

### इनका कहना हैः

मैंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन गांवों में शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू कराए।

**ऋषिराज कपिल उपखंड अधिकारी सांभरलेक**

मैंने ठेकेदार को कह दिया है कि पेयजल समस्या का समाधान करे और आपूर्ति सुचारू रूप से कराए।

**संजय कुमार कनिष्ठ अभियंता जलदाय विभाग सांभरलेक**

# केसरी सिंह बारहठ जयंती समारोह में छात्रावास कि हुई भूमि पूजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** अमर शहीद क्रान्तिकारी केसरी सिंह बारहठ की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।शेखावाटी चारण समाज की मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। शेखावाटी चारण महासभा संरक्षक सम्पत सिंह चारण ने बताया है कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओंकार सिंह लखावत राज्यमंत्री राजस्थान सरकार मुख्य वक्ता डॉ गजादान चारण, पावन सानिध्य पूज्य नवल बाईसा व विशिष्ट अतिथि जय सिंह कीनिया अध्यक्ष शेखावाटी चारण महासभा सीकर, समाजसेवी व भामाशाह कल्याण सिंह कविया, उमा रतनू संरक्षक शेखावाटी चारण महासभा , पूर्व कुलपति डॉ रूपसिंह बारहठ , लक्ष्मण सिंह कीनिया व नरेंद्र सिंह कविया अध्यक्ष प्रांतीय चारण महासभा जयपुर वरिष्ठ भाजपा नेता हरिराम रणवा मंचस्त रहे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राज्यमंत्री ओंकार सिंह लखावत ने बालिका शिक्षा , चारणाचार व केशरी सिंह बारहठ के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। समाजसेवी, भामाशाह , युवा व्यवसाई दिलीप सिंह चारणवासी ने कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मान स्वरूप दिए जाने वाले शानदार मोमंटो व कार्यक्रम में माँ करणी का प्रसाद ( प्रतिभोज ) का सहयोग किया।कार्यक्रम संयोजक माधो सिंह चारण ने सभी अतिथियों व समाज बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।